


# भाजपा की जीत से दोगुना हुआ 'झालमूड़ी' का स्वाद

# बंगाल जीत पर पीएम मोदी बोले : गंगोत्री से गंगासागर तक कमल खिला



नई दिल्ली।

पीएम मोदी ने सोमवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा– बंगाल की पहली कैबिनेट मीटिंग में ही आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी। घुसपैठ करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा महिलाओं को सुरक्षा का महौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा।

पीएम ने 47 मिनट के भाषण में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सरकार बनने पर कहा– गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो जो खुशी होती है वो खुशी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं।

## मोदी बोले- कम्युनिस्टों को जनता ने सरकार से बाहर किया

मोदी बोले– एक भी राज्य ऐसा नहीं है, जहां कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार हो। ये सिर्फ सियासत का बदलाव नहीं है। ये सोच का बदलाव है। ये बताता है कि विकसित होता भारत किस दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। आज का भारत विकास, विश्वास, प्रगति चाहता है। ऐसी राजनीति चाहता है, जो देश को आगे बढ़ाए। लेकिन दुर्भाग्य से कांग्रेस विपरीत दिशा में चल पड़ी है। जब पूरा देश कम्यूनिज्म से किनारा कर चुका है। लेकिन कांग्रेस उस विचारधारा को अपनाने में लगी है। जो माओवाद जंगलों में खत्म हुआ वो अब कांग्रेस में अपनी जड़ें मजबूत कर चुका है। कांग्रेस अर्बन नक्सलियों का गिरोह बन चुकी है। देश का हर राज्य का एक दूसरे से लड़कर नहीं एक दूसरे मिलकर आगे बढ़ना चाहता है। जिन तीन पार्टियों के जनता ने सत्ता से बाहर किया उनकी एक पहचान थी विभाजन की राजनीति।

## मोदी बोले- नारी आरक्षण का विरोध करने वालों को सबक मिला

**मोदी बोले– एक और महत्वपूर्ण पिलर भारत की नारी शक्ति है। नारी शक्ति की रफ्तार को कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने कुछ दिन पहले रोकने का काम किया। इन नारी विरोधी दलों ने नारी शक्ति संशोधन को पास नहीं होने दिया। मैंने कुछ दिन पहले कहा था महिला आरक्षण का विरोध करने वाले ऐसे दलों को महिलाओं का आक्रोश झेलना पड़ेगा। टीएमसी और डीएमके को बहनों बेटियों ने सजा दी। केरलम में लेफ्ट के 10 सालों के कुशासन का फायदा कांग्रेस को मिला, लेकिन अगली बार केरल की बहनें भी कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। समाजवादी पार्टी को भी यूपी की महिलाओं का आक्रोश सहना पड़ेगा। महिला विरोध समाजवादी पार्टी कुछ भी करके अपने पाप को नहीं धो पाएगी।**

## मोदी के भाषण की खास बातें...

गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा पिछले साल 14 नवंबर को मैंने यहीं से कहा था गंगा जी बिहार से आगे होते हुए गंगासागर तक जाती हैं। आज बंगाल की जीत के साथ गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और अब पश्चिम बंगाल। आज मां गंगा के पास बसे राज्यों में भाजपा–एनडीए सरकार है। 2013 में जब भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के रूप में काम दिया और काशी में जब फॉर्म भरने गया तो मेरे दिल से निकला कि न मुझे किसी ने भेजा है, ना मैं यहां आया हूं। मुझे तो मां गंगा बुलाया है

बंगाल को बदला नहीं, बदलाव चाहिए बंगाल के भाग्य में आज से एक नया अध्याय जुड़ गया। आज बंगाल भय मुक्त हुआ है। पहली बार डर नहीं, लोकतंत्र जीता है। आज जब भाजपा जीती है तो बदला नहीं, बदलाव की बात होनी चाहिए। भय नहीं, भविष्य की बात होनी चाहिए। मेरी सभी दलों के कार्यकर्ताओं से अपील है कि आइए हिंसा के इस अंतहीन चक्र को हमेशा के लिए खत्म करें। किसने किसे वोट दिया, किसे नहीं दिया, उससे ऊपर उठकर काम करें।

मां कामाख्या का हम सब पर आशीर्वाद आज मैं महसूस करता हूं कि मां गंगा का आशीर्वाद हम सब पर है। मां ब्रह्मपुत्र, मां कामख्या का भी हम सब पर आशीर्वाद रहा है। असम की जनता ने तीसरी बार एनडीए पर भरोसा किया है। यह असम के इतिहास की बहुत बड़ी घटना है। असम के टी गार्डन वाले क्षेत्रों में भी भाजपा को समर्थन मिला है। असम अब अपने विकास की रफ्तार और बढ़ाएगा।

**तमिलनाडु**

## विजय का धमाकेदार चुनावी डेब्यू, दोनों सीटों से बंपर जीत



साउथ सिनेमा के मेगास्टार थलापति विजय की धमाकेदार जीत हुई है। उन्होंने न सिर्फ सत्ता पर कब्जा जमाया है, बल्कि खुद भी बंपर वोटों से जीत दर्ज की है। वह दो सीटों से चुनाव लड़ रहे थे, जिन पर पूरे देश की निगाहें टिकी हुई थीं। इसमें से पहली सीट है तिरुचिरापल्ली ईस्ट। यहां से विजय ने डीएमके के मौजूदा विधायक इनिगो इरुदयाराज को 27416 वोटों से हरा दिया है। चुनावी एक्सपर्ट के मुताबिक इस सीट पर अल्पसंख्यक और युवा वर्ग चुनाव जिताने में अहम भूमिका निभाते हैं, जिनका विजय को भरपूर समर्थन मिला है। दूसरी सीट पेरम्बूर विधानसभा है, यहां से भी विजय ने डीएमके के दो बार के विधायक आर .डी . शेखर से 53715 वोटों से हरा दिया है। दोनों सीटों पर तीसरे स्थान पर एआईएडीएमके उम्मीदवार रहे। त्रिची पूर्व एक शहरी विधानसभा है। यहां की लगभग पूरी आबादी शहर में रहती है। इस सीट को अक्सर तमिलनाडु की सत्ता का प्रवेश द्वार कहा जाता है। इसी लिए विजय ने इसे चुना है। उन्हें अपनी फैन फॉलोइंग पर पूरा भरोसा था।

**असम**

## एनडीए की हैट्रिक जीत, सीएम हिमंता बोले सब पीएम मोदी का जादू है

2026 के असम विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की निर्णायक जीत के बाद, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी में मीडिया को संबोधित करते हुए आभार व्यक्त किया और राज्य के भविष्य के लिए अपने दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत की। मतगणना के रुझानों ने असम में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की भारी जीत की पुष्टि की, जिसके बाद मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इस सफलता का श्रेय विकास में जनता के विश्वास और केंद्र सरकार के निरंतर समर्थन को दिया।



**केरलम**

## केरलम विधानसभा चुनाव में आरजेडी की जीत

केरल विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने केरल में अपनी उपस्थिति मजबूती से दर्ज कराई है। पार्टी के उम्मीदवार पीके प्रवीण ने कन्नूर जिले की कुथुपराम्बा सीट पर जीत हासिल की। प्रवीण ने आईयूएमएल की जयंती राजन को 1,286 वोटों के मामूली अंतर से हराया। प्रवीण को 70,448 वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 69,162 वोट मिले। आरजेडी वहां लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट का सहयोगी दल है और इस सीट पर उसने गठबंधन के लिए जीत सुनिश्चित की।



### पं. बंगाल




| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 2 | 204 | 206 (+129) |
| टीएमसी | 6 | 75 | 81 (-135) |
| कांग्रेस | 0 | 2 | 2 (+2) |
| लेफ्ट फ्रंट | 0 | 2 | 2 (+1) |
| अन्य | 0 | 2 | 2 (+2) |

### तमिलनाडु




| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| टीवीके | 1 | 106 | 107 (+107) |
| अन्नाद्रमुक+ | 1 | 50 | 51 (-24) |
| डीएमके+ | 1 | 64 | 65 (-94) |
| अन्य | 0 | 11 | 11 (+11) |

### केरलम




| पार्टी | 2026 | वोट% | पिछली स्थिति |
|---|---|---|---|
| यूडीएफ | 102 (+61) | 60.2% | 41 |
| एलडीएफ | 35 (-64) | 28.3% | 99 |
| एनडीए | 3 (+3) | 11.4% | 0 |
| अन्य | 0 (0) | 0.0% | NA |

### असम




| पार्टी | 2026 | वोट% | पिछली स्थिति |
|---|---|---|---|
| भाजपा+ | 102 (+27) | 47.9% | 75 |
| कांग्रेस+ | 21 (-29) | 42.0% | 50 |
| अन्य | 3 (+2) | 10.1% | 1 |

### पुडुचेरी




| पार्टी | 2026 | वोट% | पिछली स्थिति |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 18 (+2) | 35.2% | 16 |
| कांग्रेस+ | 6 (-2) | 31.4% | 8 |
| अन्य | 6 (0) | 33.4% | 6 |

# महात्मा गांधी राजकीय स्कूल का होगा जीर्णोद्धार

## भामाशाह परिवार देगा 30 लाख से अधिक का सहयोग

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के जसरापुर गांव स्थित महात्मा गांधी राजकीय स्कूल में जसरापुर ग्रामीण विकास समिति के सौजन्य से बड़े स्तर पर जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। जसरापुर निवासी एवं मुंबई प्रवासी भामाशाह निर्मल बथवाल, अशोक बथवाल और प्रदीप बथवाल के आर्थिक सहयोग से करीब 30 लाख रुपए से अधिक की लागत से विद्यालय का नवीनीकरण किया जा रहा है। प्रधानाचार्य सरोज काजला ने बताया कि विद्यालय में ऊपर-नीचे बने 8 कक्षा कक्षों के फर्श टूटे हुए थे, दीवारों का प्लास्टर झड़ रहा था, खिड़कियां व जालियां क्षतिग्रस्त थी और बरसात में छत टपकने की समस्या बनी हुई थी। इसके अलावा बरामदे, रैंप, सीढ़ियां, पोषाहार रसोई और बाउंड्री वॉल भी जर्जर स्थिति में थी। इन समस्याओं को जसरापुर ग्रामीण विकास समिति के पदाधिकारियों के समक्ष रखा गया। इसके बाद समिति की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से विद्यालय के संपूर्ण जीर्णोद्धार का निर्णय लिया गया। योजना के तहत कक्षा कक्षों और बरामदों में ग्रेनाइट पत्थर लगवाना, कमरों का प्लास्टर करवाना, छत की मरम्मत, खिड़की-जाली बदलना, नए दरवाजे लगवाना, रसोई, रैंप और सीढ़ियों का सुधार तथा बाउंड्री वॉल की मरम्मत कराई जा रही है। भामाशाह निर्मल बथवाल ने बताया कि उनके पिता हरिकृष्ण बथवाल ने इसी विद्यालय से अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी। उनकी स्मृति को चिरस्थाई बनाने के उद्देश्य से यह जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। भामाशाह ने मुंबई से आकर विद्यालय में चल रहे कार्यों का अवलोकन भी किया। इस दौरान निर्मल बथवाल, पवन कुमार मंसारामका अहमदाबाद, पवन कुमार संधई दिल्ली, प्रधानाचार्य सरोज काजला, छगनलाल शर्मा, शिवकुमार सुरेलिया, आशीष



केडिया, राजकुमार सिंह निर्वाण, सुंदरलाल सेडूका, रामोतार छावड़ी, निर्मला सिहाग, दानाराम कुमावत, विजय सिंह निर्वाण और जितेंद्र कुमावत सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# राजस्थान पुलिस जवानों को वितरित होंगे पांच लाख ओआरएस पैकेट्स

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** प्रदेश में तपती धूप और लू के तीखे थपेड़ों के बीच राजस्थान पुलिस ने अपने जवानों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एक मानवीय और सराहनीय पहल शुरू की है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर राज्यभर के कांस्टेबलों को पांच लाख ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट) पैकेट्स वितरित किए जाएंगे। जिससे ड्यूटी के दौरान डिहाइड्रेशन और लू के प्रभाव से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस जनहितकारी अभियान में रोटरी क्लब मुंबई से जुड़े प्रवासी राजस्थानी झुंझुनू मूल के आशीष पोद्दार का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है जिनकी संवेदनशीलता से पुलिस जवानों को यह सौगात दी जा रही है। पूरे अभियान की कमान डीआईजी प्रशिक्षण शरद चौधरी के नेतृत्व में संभाली गई है। उनके मार्गदर्शन में यह राहत सामग्री राज्य



के 12 पुलिस ट्रेनिंग सेंटरों तथा राजस्थान से बाहर संचालित 4 प्रशिक्षण केंद्रों तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही रेंज आईजी के माध्यम से हर कांस्टेबल तक इसकी प्रभावी उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। डीआईजी चौधरी ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक जवान को 10-10 ओआरएस पैकेट्स दिए जाएंगे, ताकि भीषण गर्मी में लंबी ड्यूटी के दौरान वे खुद को हाइड्रेट और सुरक्षित रख सकें। विशेष रूप से यातायात, कानून-व्यवस्था, गश्त और सार्वजनिक ड्यूटी में तैनात जवानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। डीआईजी चौधरी ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार को पहली खेप के रूप में 90 हजार ओआरएस से भरे पैकेट्स का ट्रक राजस्थान पुलिस अकादमी में पहुंचा। इनमें से पैकेट्स को उतारते हुए प्रशिक्षण केन्द्रों तक पहुंचाया जा रहा है। इन पैकेट्स के वितरण की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मंगलवार को दूसरी खेप में भी 90 हजार पैकेट्स आने की संभावना है, जबकि अगले 5 से 7 दिनों में अतिरिक्त सप्लाई भी प्राप्त होगी। डीआईजी चौधरी ने बताया कि जब प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, ऐसे में पुलिस मुख्यालय की यह पहल न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत कदम है, बल्कि ड्यूटी पर डटे जवानों के लिए सचमुच राहत की ठंडी फुहार बनकर सामने आई है।

# विद्यार्थियों ने ली नशा नहीं करने शपथ



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** चिकित्सा विभाग के राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण की ओर से चलाए जा रहे विद्यालय जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को श्री गोविन्ददेव महाविद्यालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के तहत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को तम्बाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट व अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन करने से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाती है, ताकि वे नशीली वस्तुओं का सेवन नहीं करें और स्वस्थ जिंदगी जीये। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने बच्चों को नशीले उत्पाद का सेवन करने से होने वाले हानिकारक प्रभावों की जानकारी दी। वहीं निबंध प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों का चयन कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सचिव जयपाल काजला ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर कैरियर बनाने की सलाह दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने विद्यार्थियों को नशीली वस्तुओं का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई।

# घर से नकदी और आभूषण चोरी

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा थाना में घर से लाखों रुपए की नकदी और आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता गणेश जाट ने आरोप लगाया है कि दो लोगों ने उनके 13 वर्षीय बेटे को नशीला पदार्थ पिलाकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने रविवार शाम को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी में गया हुआ था परिवार

जाम्भोजी मंदिर के पास नोखा निवासी गणेश जाट ने शिकायत में बताया कि 23 मार्च को उनके परिवार में शादी समारोह था। वह परिवार सहित शादी में गए हुए थे और घर पर उनका 13 साल बेटा हरीश अकेला था। 22 अप्रैल को जब उन्हें रुपयों की जरुरत हुई और उन्होंने अपनी अलमारी खोली, तो उसमें रखे 1 लाख रुपए नकद, साढ़े पांच किलो चांदी और 70 ग्राम सोने के आभूषण गायब मिले।

### घर आकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

गणेश जाट ने अपने बेटे हरीश से बात की तो उसने बताया कि शादी वाले दिन बीकानेर निवासी पंकज और नोखा निवासी निर्मल स्वामी ने उसे नशीला पदार्थ पिलाया था। इसके बाद दोनों व्यक्तियों ने अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी निकाल ली। हरीश ने यह भी बताया कि आरोपियों ने उसे धमकी दी थी कि यदि उसने यह बात किसी को बताई तो वे पूरे परिवार को जान से मार देंगे। डर के कारण हरीश ने पहले यह घटना किसी को नहीं बताई थी। 23 अप्रैल को निर्मल स्वामी घर के पास आया और लाठी से घर की खिड़की तोड़ने लगा। जब उसे रोका गया, तो उसने धमकी दी कि वह जान से मारे बिना नहीं छोड़ेगा। पुलिस ने गणेश जाट की शिकायत पर पंकज और निर्मल स्वामी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कच्ची बस्तियों में पानी के टैंकर भेजने का शुभारम्भ



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जन कल्याण समिति ने कच्ची बस्तियों में भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से राहत देने के लिए पानी के टैंकर भेजने का शुभारंभ सोमवार को किया। पानी के टैंकर को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी ने हरि झंडी दिखाकर शेखावाटी जनाना अस्पताल से रवाना किया। समिति की ओर से गत करीब 22 वर्षों से कच्ची बस्तियों में पानी के टैंकर भिजवाये जा रहा है। जन कल्याण समिति के अध्यक्ष कैलाशचंद मोदी ने बताया कि जन कल्याण समिति द्वारा पिछले 22 वर्षों से शहर की कच्ची बस्तियों में जहां पीने के पानी की समस्या है वहां टैंकर से शुद्ध पेयजल वितरण की व्यवस्था की जाती है। प्रतिदिन 20 से 22 टैंकर विभिन्न कॉलोनियों में सुबह शाम वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कैलाशचंद मोदी, सदस्य बीएल सोनी, प्रशासनिक अधिकारी भंवरसिंह शेखावत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कपिल सैनी, प्रभुसिंह सेवद, चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज शेखावत, डॉ रवि, राकेश मान आदि मौजूद रहे।

# मॉल में युवतियों का पीछा कर फब्तियां कसने वाले दो मनचले गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शहर के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा के लिए तैनात कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मनचलों को दबोचा है। ये युवक मॉल में युवतियों का पीछा कर रहे थे और उन पर फब्तियां कस रहे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर झोटवाड़ा थाने के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा के नेतृत्व में ऑपरेशन गरिमा के तहत कालिका पेट्रोलिंग टीम प्रेमलता, माया, साजन और सीताराम झोटवाड़ा थाना इलाके में स्थित हाइपर सिटी मॉल में गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम ने देखा कि दो युवक कुछ युवतियों का पीछा कर रहे हैं और उन पर अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। युवतियों ने तुरंत कालिका टीम के पास जाकर आपबीती सुनाई और मदद मांगी। टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को मौके पर ही धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों की पहचान योगेश निवासी हरमाड़ा और रवि कुमार निवासी हरमाड़ा के रूप में हुई है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा ने आमजन से अपील की है कि भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जाने वाली महिलाएं और बालिकाएं अपने मोबाइल में पुलिस की निर्भया हेल्पलाइन के नंबर जरूर सेव रखें। ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त की जा सके। कालिका टीम की इस त्वरित कार्रवाई की युवतियों ने सराहना की और आभार व्यक्त किया।

# एशियन ट्रांसप्लांट खेलों में भवानी सिंह ने जीता रजत पदक

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** थाईलैंड के बैंकॉक शहर में 29 अप्रैल से 3 मई के मध्य आयोजित दूसरे पेटांक ट्रांसप्लांट एशियन ऑपन चैंपियनशिप में जाखल के भवानी सिंह शेखावत ने रजत पदक जीत कर प्रदेश व देश का मान बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम के कुल 12 ट्रांसप्लांट खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर 6 पदक प्राप्त किए। राजस्थान के तीन खिलाड़ी भवानी सिंह ने पेटांक डबल्स में नेशन कैटेगरी में रजत पदक प्राप्त किया जबकि हर्षवर्धन सिंह ने एशियन कैटेगरी में और मुजाहिद नकवी ने नेशन कैटेगरी में कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 9 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें




थाईलैंड, भारत, नेपाल, भूटान, मलेशिया, हॉन्गकॉन्ग, चीन, हंगरी व ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी शामिल थे। इससे पहले भवानी सिंह 7 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 18 पदक जीत चुके थे। यह उनका 19 वां पदक है। वे ट्रांसप्लांट खेलों में भारत के सबसे अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी भी हैं। गत अगस्त माह में जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड ट्रांसप्लांट खेलों में दो पदक जीत कर देश का मान भी बढ़ाया था।



# चिकित्सकों व कार्मिकों ने ली अग्नि सुरक्षा की शपथ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** चिकित्सा विभाग के सोमवार से शुरू हुए फायर सैफ्टी सप्ताह के पहले दिन चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकों और कार्मिकों ने संस्थान में अग्नि सुरक्षा के मानकों की पालना करने की शपथ ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि फायर सैफ्टी सप्ताह के तहत चिकित्सा संस्थानों में लगे आग बुझाने के उपकरणों की जांच की गई। साथ ही चिकित्सकों व कार्मिकों ने अग्नि सुरक्षा की शपथ ली। अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वास्थ्य संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के मानकों का पालन करने, संस्थान में आमजन को इसके प्रति जागरूकता की संस्कृति विकसित करने और आग लगने की स्थिति में किए जाने वाले आवश्यक कार्य, रोकथाम, संसाधनों के बारे में लोगों को शिक्षित किया। उन्होंने बताया कि जिले के श्री कल्याण अस्पताल, सालासर बस स्टैण्ड स्थित जनाना अस्पताल, जिला अस्पताल नीमकाथाना, लक्ष्मणगढ़, सभी उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अग्नि सुरक्षा की शपथ ली गई।

# बंगाल में भाजपा सरकार बनाने में पूर्व जिलाध्यक्ष विष्णु चेतानी की भी मेहनत रंग लाई

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** भाजपा के संस्थापक पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म स्थान प. बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार बनाने में सीकर के कार्यकर्ताओं ने अहम जिम्मेदारी निभाई है। प. बंगाल के इस चुनावी रण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रियता, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति, राष्ट्रीय महामंत्री व प. बंगाल के प्रभारी सुनील बंसल की बूथ स्तर तक व्यूह रचना की रणनीति से समर्पित कार्यकर्ताओं ने बंगाल फतह किया।

इस ऐतिहासिक कार्य में सीकर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विष्णु चेतानी भी राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल की कार्यकर्ताओं की टीम का हिस्सा रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष विष्णु चेतानी गत छह माह से भी अधिक समय से प.



बंगाल में प्रवास किया और उस प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने का दायित्व वहन किया जो राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने दिया था। चेतानी ने कार्यकर्ताओं तक पहुंचना व प्रत्येक कार्यकर्ता से संवाद करना और संगठन को संपूर्ण फीडबैक से अवगत करवाना जिम्मेदारी से पूर्ण किया। पूर्व जिलाध्यक्ष विष्णु चेतानी ने बताया कि वे गत छह माह से प. बंगाल में चुनावों की तैयारियों के लिए प्रवास पर रहे। गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल के कुशल नेतृत्व व मार्ग दर्शन में उन्होंने पण् बंगाल में कई जिलों में प्रवास किया। बूथ स्तर तक उन्होंने कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद स्थापित किया और चुनावों की रणनीति बनाई।

# कथा में सजाई श्रीकृष्ण-रूकमणी विवाह की झांकी



निसं

**मुकुन्दगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के वार्ड नं 1 शिवालय में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण-रूकमणी विवाह की मनमोहक झांकियां सजाई गई। व्यास पीठ से चित्रकूट के अवधेश शास्त्री ने कथा के छठे दिन महारास लीला, कंस मर्दन एवं श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह के प्रसंग में सुनाया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ श्रीधाम वृंदावन में महारास लीला की तब स्वयं भोले नाथ भी महारास लीला मे समिल्लित हुए। महा रास का तात्पर्य जीव और ब्रम्हा का मिलन ही महा रास लीला है। भगवान ने पाप अधर्म रूपी कंश वध किया। अपने माता-पिता देवकी वसुदेव को कारागार से मुक्त करवाया। जरासन्द ने 17 वार मथुरा पर चढ़ाई करवाई व भगवान श्रीकृष्ण ने 18 वी बार जरासन्द को परास्त कर मथुरा को छोडकर स्वयं ब्रह्मणों की रक्षा करने के लिए द्वारिका पहुँचे। भगवान श्रीकृष्ण ने 16 हजार 108 रानियों से विवाह कर बड़ी धूमधाम से रुक्मणी मंगल विवाह उत्सव हुआ। आरती कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी दिलीप मीणा, बसंत पारीक, दिनेश चेजारा, रामरतन गुर्जर, संजय शर्मा, नितिन शर्मा, संतोष देवी, सरोज देवी, धापू देवी, मंजू देवी, मुन्नी देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद रहे।

# बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा की प्रचण्ड जीत पर मनाई खुशी



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा की प्रचण्ड जीत की खुशी में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में मिठाई खिलाकर व पटाखे बजाकर खुशी मनाई। इसके बाद समस्त कार्यकर्ताओं ने बाजार में समस्त व्यापारियों व लोगों को मुड़ी खिलाकर जीत की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा नेता महावीर पूनिया, नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, अजीत राठौड़, सुरेश चौधरी, सुशील सरावगी, भंवरलाल पूनिया, लीलाधर बागोरिया, नरेश झाझड़िया, विजय कुमार मितल, अशोक जांगिड़, सुरेश मितल, विशाल शर्मा, विजय प्रकाश सोनी, हरी इन्दोरिया, माणकचन्द सैनी, रामावतार सैनी, शिवकुमार शर्मा, राकेश शर्मा, चेतन स्वामी, मुकेश शर्मा, त्रिलोक रैगर, देवराज जोडीवाल, दिलावर, भगवान मिस्त्री, मोहम्मद समीर, सुनील सगतानी, सुभाष सहारण, गुमान सैनी, मुकेश महर्षि, अमित मित्तल, मनोहर लाल सैनी, ओमप्रकाश छिपा, जेके दायमा, महेंद्र सरावगी, नंदू पटीर, च्यानंन शर्मा, विकास शर्मा, ओमप्रकाश रेगर, दीपक पासवान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर मनाया जश्न

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** बंगाल, आसाम व पुडुचेरी में ऐतिहासिक विजय पर नोखा भाजपा द्वारा जैन चौक में आतिशबाजी की गई व मिठाई खिलाई गई। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष आसकरण भट्टड़, वरिष्ठ कार्यकर्ता व पार्षद जेठू सिंह राजपुरोहित, जगदीश भार्गव, पूर्व मंडल



अध्यक्ष डॉ महेन्द्र संचेती, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन राठी, नोखा शहर महामंत्री रमेश नाथ, सुनील पूनीया, महावीर सारस्वत, नरेन्द्र चौहान, नरेन्द्र राजपुरोहित, राधेश्याम लखोटिया, जयकिशन जाट, राजू आंचलिया, मनोज पंडित, गणपत सोनी, देवकिशन पंडित, अमित गोयल, चन्द्र प्रकाश पंचारिया, रामनिरंजन जोशी, सांवरलाल खीचड़ आदि उपस्थित थे।

# अज्ञात शव की हुई शिनाख्त

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** दो दिन पहले ट्रैन की चपेट मे आने से मृत अज्ञात व्यक्ति के शव की तीसरे दिन शिनाख्त हो गई। छापर रेलवे ट्रेक पर हिसार जोधपुर ट्रैन की चपेट मे आने से मृत हुए अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान गोपाल प्रजापत पुत्र नरपतराज, निवासी मांडेता सुजानगढ़ के रूप में हुई। जिसमें टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि अमजद खान की भूमिका रही।

## पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया




निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम नांगल में रविवार देर शाम कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश जमालपुरिया के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन केक काटकर व मिठाई बाटकर उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयपुरवाटी के विधायक भगवान राम सैनी रहे, विशिष्ट अतिथि विष्णु सिंगोदिया प्रदेश महासचिव कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ, ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, राजेश सैनी अध्यक्ष सीकर, रामावतार सैनी सीकर, मीनू सैनी, गोविंद वाल्मीकि, राधेश्याम, अमित कच्छावा, पिंटू स्वामी, रमेश सैनी, मोहनलाल सैनी, हंस वर्मा, राजेंद्र प्रसाद, फूलचंद मिस्त्री, किशोर सैनी, मुकेश सैनी चिराना, डॉ मुकेश बागड़ी, शांति देवी, पवन सैनी, मुमताज कुरैशी, दिनेश मिटावा, मालीराम फौजी, गोपाल सैनी, केशव देव सैनी, अविनाश सैनी आदि लोग उपस्थित थे। डॉ साध्वी योगश्री नाथ योगीश्वर महादेव सिद्धपीठ सरजुसागर कोटबाँध कार्यक्रम की अध्यक्षता की। राकेश जमालपुरिया ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने किया।

## जिला स्तरीय ताइक्वांडो टेस्ट संपन्न



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की श्री गांधी बाल निकेतन स्कूल में जिला स्तरीय ताइक्वांडो कलर बेल्ट और ब्लैक बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। टेस्ट में जिले की चार मुख्य तहसीलों के खिलाड़ियों ने अपनी खेल तकनीक और अनुशासन का लोहा मनवाया। चार तहसील रतनगढ़, राजगढ़, चूरू व सरदारशहर की टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लगभग 120 खिलाड़ियों ने अपनी बेल्ट ग्रेडिंग सुधारने के लिए कड़ा परीक्षण दिया। खिलाड़ियों ने अपनी किक्स, पंच और सेल्फडिफेंस की तकनीकों से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। वरिष्ठ प्रशिक्षकों की देखरेख में चयन हुआ। जिले के ख्याति प्राप्त कोचों ने खिलाड़ियों की बारीकियों पर नजर रखी और उन्हें मार्शल आर्ट्स के उच्च मानकों की जानकारी दी। इस दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित प्रशिक्षकों ने कोमल सोनी रतनगढ़, मनीष सेन सरदारशहर, विनोद कुमार नामदेव राजगढ़ व परितोष सागू चूरू ने आत्मरक्षा और अनुशासन का संगम बताया। टेस्ट के दौरान खिलाड़ियों को मानसिक मजबूती और शारीरिक दक्षता के आधार पर पर खा गया। कोच मनीष सेन और कोमल सोनी ने बताया कि ताइक्वांडो न केवल एक खेल है बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## द्वितीय बैच का प्रशिक्षण प्रारंभ

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजकीय लोहिया कन्या महाविद्यालय में जनगणना 2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रशिक्षण का द्वितीय बैच का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण फिल्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रगणक एवं सुपरवाइजर को दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कार्मिकों का उत्साह वर्धन किया और जनगणना कार्य निष्ठा और लगन से करने के लिये प्रेरित किया। फिल्ड ट्रेनर विक्रम सिंह चौहान, नगराज प्रजापत, विनोद सिसोदिया, राधाकृष्ण पीपलवा, नरेन्द्र सांकृत्य, महेश कुमार सांखोलिया, मनोज कुमार प्रजापत, नन्दलाल स्वामी, जयप्रकाश स्वामी एवं कन्हैयालाल शर्मा ने प्रशिक्षण में जनगणना का उद्देश्य, मुख्य विशेषताएं, विधिक प्रावधान, एचएलओ एवं नजरी नक्शा के बारे में बताया। प्रशिक्षण में उपखण्ड कार्मिक सतीश तिवाड़ी, विनोद भार्गव, प्रतीक महर्षि, अक्षय चौधरी, कुलदीप मरोलिया आदि ने प्रशिक्षण सत्र में सभी व्यवस्थाओं का सुचारु संचालन किया। चार्ज अधिकारी किशनाराम पूनियां के निर्देशन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का सुचारु रूप से संचालन हो रहा है।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार मोटिवेटिंग मंडे थीम पर बाल भारती विद्यापीठ सी.से. स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी विजय पाल श्योराण ने बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसको रोकने के लिए कानून और उनमे प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। संस्था प्रधान शांतिलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पीएलवी ने राष्ट्रीय, राज्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ और 1098 बच्चों की हेल्प लाइन, 15100 नालसा हेल्प लाइन, 181 राजस्थान संपर्क पोर्टल टोल फ्री नंबर के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान संस्था स्टाफ व सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## पेंशनर्स की परिवेदनाओं का मौके पर होगा निस्तारण

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्रीय पेंशन कार्यालय बीकानेर के द्वारा 12 मई को कोष कार्यालय चूरू में पेंशनर समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जावेगा। उपकोषाधिकारी राजेन्द्र कुमार नाई ने बताया कि शिविर में पेंशनर्स, फैमिली पेंशनर्स के नाम संशोधन, जन्म तिथी निर्धारण, पेंशन संसोधन, बकाया पेंशन एरियर के भुगतान तथा पेंशनर्स की अन्य परिवेदनाओं का मौके पर निस्तारण किया जावेगा। उपखण्ड के पेंशनधारक अपने पीपीओ नम्बर, बैंक पास बुक एवं समस्या से संबंधित दस्तावेज लेकर दिनांक 12 मई को कोष कार्यालय चूरू में उपस्थित होकर अपनी परिवेदनाओं का समाधान करवा सकते हैं।

# चिकित्सा विभाग की शिक्षा विभाग अधिकारियों और संस्था प्रधानों के साथ बैठक आयोजित

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के ढाणी बाढान में चिकित्सा विभाग व शिक्षा अधिकारियों के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया। तहसीलदार सुनील कुमार मील की अध्यक्षता में हुई बैठक में एचपीवी वैक्सीनेशन महाअभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान तहसीलदार ने राजकीय स्कूलों संस्थान प्रधानों के साथ बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तहसीलदार सुनील कुमार ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार की ओर से बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर इस अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि देश में महिलाओं को होने वाली कैंसर की बिमारी से बचाने के लिए इस अभियान का संचालन किया गया है, किसी प्रकार के रोग से बचाने के लिए सबसे पहले टीकाकरण होना बहुत जरूरी है। तहसीलदार ने कहा कि वैक्सीनेशन को लेकर नकारात्मक भ्रांतियां फैलाई जा रही है, जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए सही नहीं है। बेटियों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए इस वैक्सीनेशन का सफल होना बहुत जरूरी है। अभिभावक को किसी प्रकार की भ्रांती होने पर अपने क्षेत्र के नजदीक अस्पताल में जाकर विशेषज्ञ डॉक्टर से इसकी जानकारी लेकर उसे दूर किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने अफवाहों से दूर रहकर बेटियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का आह्वान किया गया है। इस अभियान के तहत खेतड़ी ब्लॉक के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व उपजिला अस्पताल पर वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इस मौके पर पीएचसी प्रभारी डॉ दीपक जोशी, कैलाश चंद, एएनएम सुशीला, प्रधानाचार्य माया सांगवान, राकेश कुमार, संदीप कुमार, अमन, सुभाषचंद्र,, सुरेश चंद्र, राजेंद्र सहित अनेक लोग मौजूद थे।



# बिजली विभाग के अधिकारियों के ढुलमुल रवैये से कर्मचारी व उपभोक्ता परेशान

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों के ढुलमुल रवैये से कर्मचारी व आम उपभोक्ता परेशान नजर आ रहा है। सोमवार को परेशान कर्मचारियों ने पावर हाउस में धरना देकर अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी शुरू कर दी। लाइनमैन सुनिल कुमार ने बताया कि निगम ने पिछले करीब छह माह से क्षेत्र के फाल्ट निकालने का काम एफ आरटी टीम को दे रखा है। लेकिन अब भी विभाग के अधिकारी फाल्ट निकालने का काम लाइनमैनों से करवाते हैं। जेईएन द्वारा 1 मई को लिखित आदेश जारी कर ग्रामीण क्षेत्रों में फाल्ट निकालने के लिए संबंधित लाइनमैनों को अधिकृत किया। कर्मचारियों का कहना है कि अधिकारियों का अधिकृत फर्म को फायदा पहुंचाने के लिए फर्म को बिल भुगतान करने की मंशा है। एफआरटी टीम द्वारा कार्य न करने की स्थिति में कनिष्ठ अभियंता द्वारा कार्मिकों को अनुचित आदेश जारी कर कारण बताओ नोटिस जारी किए जाते है, वहीं मानसिक प्रताड़ित किया जाता है तथा सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता द्वारा दूरभाष पर निलंबित करने तथा देख लेने व इलाज कर देने जैसी की धमकियां दी जाती है। सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता द्वारा फिल्ड में कार्मिकों पर दबाव बनाकर अनुचित व गैर निगम नियमानुसार कार्य करवाए जाते है। कर्मचारियों द्वारा मना करने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उक्त दोनों अधिकारियों द्वारा अवकाश के दिन भी कार्य करने हेतु दबाव बनाया जाता है। फिडर के समस्त कर्मचारियों द्वारा मांगे नहीं माने जाने तक धरना जारी रखने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर विनोद कुमार, परसाराम,, नरसिंह, कृष्ण कुमार, विमल कुमार, जयकुमार राव, कैलाश कुमार, नरेश कुमार, विरेन्द्र, ओमप्रकाश, राजकुमार सहित फीडर के समस्त लाइनमैन मौजूद रहे।



## बावलिया बाबा के परम भक्त केडिया की पुण्यतिथि मनाई

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बावलिया बाबा हवेली में परमहंस पं गणेश जी मेमोरियल ट्रस्ट के पथ प्रदर्शक समाजसेवी नन्दलाल केडिया की 43 वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर म्यूजियम में केडिया को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही हवेली व बुगाला गौशाला परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए, ताकि भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों को पानी की कमी न हो। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों और गोभक्तों ने स्व. केडिया के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि वे हमेशा सेवा और परोपकार के कार्यों में अग्रणी रहे। उनके आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए यह पहल की गई है, जिससे जीव-जंतुओं की सेवा का संदेश समाज तक पहुंचे। गौरतलब है कि इस ट्रस्ट के गठन 1968 में केडिया के निर्देशन में कुछ निष्ठावान लोगों ने मिलकर किया था जो आज तक अनवरत जारी है। अपने 53 वर्षों के कार्यकाल में ट्रस्ट ने अनेक स्थानों पर प्याऊ, नलकूप बनाए हैं वही कई स्थानों पर सहायता शिविर लगाए हैं। स्कूलों व गोशालाओं में भी खूब कार्य किए हैं। इस दौरान गौशाला कार्यकारिणी के सदस्यों ने नन्दलाल केडिया को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



## बंगाल में डॉ राजेश कुमार की जीत पर मनाया जश्न



निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ के पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित श्याम सुंदर सुरोलिया के सुपुत्र डॉ राजेश कुमार भाजपा प्रत्याशी के रूप में पश्चिम बंगाल के जगद्दल विधानसभा सीट से विजय घोषित होने पर परिवार जनों की ओर से पैतृक आवास पर जश्न मनाया गया। परिवार जनों की ओर से पटाखे फोड़कर व मिठाई खिलाकर आतिशबाजी कर जशन मनाया गया। इस अवसर पर राजाराम सुरोलिया, डी के सुरोलिया, पंडित आदित्यनारायण सुरोलिया, स्वप्निल सुरोलिया, सिद्धान्त सुरोलिया, नितिन सुरोलिया, ध्रुव सुरोलिया, मनीष शर्मा, गोकुल प्रसाद सैनी, रमेश शर्मा, वैभव सुरोलिया, नंदकिशोर जोशी, जगदीश प्रसाद शर्मा, स्वराज शर्मा, सर्विल सुरोलिया, प्रवीण शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, सरला सुरोलिया, विजय लक्ष्मी सुरोलिया, सरिता सुरोलिया, सुप्रिया सुरोलिया, किरण सैन सहित बड़ी संख्या में नागरिक जन उपस्तिथ थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में बीजेपी की जीत पर शहर के गांधी चैक में कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बाटकर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद के नारे लगाए। बंगाल की जीत पर खास झालमुड़ी भी खिलाई गई। इस दौरान पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस जीत के साथ विश्व स्तर के नेता के रूप में स्थापित हो गए हैं। महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच ने कहा कि यह उन कार्यकर्ताओं की जीत है, जिन्होंने इस दिन के लिए बरसों तक अपना खून पसीना बहाया। मंडल अध्यक्ष विनय मटोलिया ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत आगे यूपी, हिमाचल, पंजाब समेत कई राज्यों की राजनीतिक दिशा तय करेगी। इस दौरान एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, बुद्धिप्रकाश सोनी, पवन माहेश्वरी, वैद्य भंवरलाल शर्मा, भागीरथ करवा, दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, कमल दाधीच, प्रकाश भार्गव, नवरत्न पुरोहित, राजेश सुंदरिया, रिछपाल बिजारणियां, महेश शर्मा, गणेश मंडावरिया, पंकज घासोलिया, प्रकाश मायछ, गौरव इंदौरिया, प्रियांशु लड़ा, प्रेमप्रकाश स्वामी, सौभाग कंवर, बलराम सोनी, प्रहलाद जाखड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भव्य उपनयन संस्कार से गुरुकुल में गूंजे वैदिक मंत्र

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने धारण किया यज्ञोपवीत

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** सिमसिया रोड स्थित भगवती भद्रकाली शक्ति पीठ वैदिक सनातन संस्कृति संरक्षण संस्थान के वैदिक गुरुकुलम् में सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप भव्य रूप से संपन्न हुआ। प्रात:काल से ही गुरुकुल परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार, हवन एवं पूजन के साथ धार्मिक वातावरण बना रहा। इस पावन अवसर पर पूज्य दंडी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज, विरेन्द्राश्रम, अवधूत स्वामी विश्वेन्द्राश्रम एवं काशी से पधारे विमलदेव तीर्थ के सानिध्य में संपूर्ण अनुष्ठान आयोजित किया गया। उनके मार्गदर्शन में वैदिक आचार्य जीवन किशोर जोशी सामवेदी, उदित जोशी एवं काशी के आचार्य शिवम् ओझा के आचार्यत्व में विधि-विधानपूर्वक उपनयन संस्कार संपन्न हुआ। इस दौरान ज्योतिषाचार्य खिंवराज अपनी धर्मपत्नी सहित यजमान रहे। संस्कार के दौरान विद्यार्थियों को यज्ञोपवीत धारण कराया गया तथा उन्हें गायत्री मंत्र एवं वैदिक आचार-विचारों का महत्व समझाया गया। इस अवसर पर दंडी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने उपनयन संस्कार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्कार ब्रह्मचर्य जीवन का प्रथम सोपान है, जो बालक के आध्यात्मिक एवं शैक्षिक विकास की आधारशिला रखता है। उन्होंने कहा कि उपनयन के माध्यम से विद्यार्थी गुरु के सान्निध्य में रहकर ज्ञानार्जन, इन्द्रिय संयम, सत्य, अहिंसा एवं अनुशासन का पालन करना सीखता है। साथ ही सादा जीवन और उच्च विचार की भावना विकसित होती है, जो उसके उज्ज्वल भविष्य की दिशा निर्धारित करती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही। उन्होंने अपने बच्चों को इस पावन संस्कार में सहभागी होते देख हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन के दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना रहा। अंत में आश्रम परिवार की ओर से सभी संत-महात्माओं, आचार्यों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के जीवन में संस्कार, शिक्षा एवं आध्यात्मिकता के नए अध्याय का शुभारंभ साबित हुआ।



## भाजपाईयों ने जीत की खुशी में बाटी झालमुड़ी



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा पश्चिम बंगाल, आसाम एवं पुडुचेरी में पार्टी को मिले प्रचंड बहुमत की खुशी में स्थानीय घंटाघर के पास उत्साहपूर्वक जश्न मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने झालमुड़ी का स्टाल लगाकर आमजन को झालमुड़ी वितरित की तथा आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया।

भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मिली ऐतिहासिक विजय से प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता में नया जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को अवश्य साकार करेगा। विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा व एडवोकेट बजरंग गुर्जर ने भी इस विजय को लोकतंत्र की मजबूती बताते हुए कहा कि जनता ने भाजपा की पारदर्शी और विकासोन्मुखी नीतियों पर मुहर लगाई है।

इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष तालनिया, गोपालकृष्ण शर्मा, शहर मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थला, किशनलाल सैनी, मंडल मंत्री भिवराज प्रजापत, हनीफ खत्री, महावीर महर्षि, स्वरूप सिंह, दीपचंद प्रजापत, हनुमान सिंह, प्रदीप भरतीया, जगदीश सांखोलिया, सुरेश घारू, सुनील शर्मा, श्याम मेघवाल, पन्ना लाल सोनी, प्रेम आत्रेय, लीलाधर जोशी, संदीप रांकावत, राजेंद्र चांदगोठिया, रामदेव चंदनिया, झूमरमल भार्गव, विनोद धानुका, राकेश रुथला, अजीत महर्षि, बलवीर स्वामी महेश इंदौरिया, सोमदत्त शर्मा सहित कई भाजपाई उपस्थित रहे।

## आंधी-बारिश, डेढ़ घंटे तक हुई बरसात, सीवरेज ग` धंसने से बढ़ी परेशानी

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रविवार रात करीब 12:30 बजे तेज अंधड़ के बाद बिजली की गड़गड़ाहट के साथ डेढ़ घंटे तक झमाझम बारिश हुई। तेज बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। गलियों में पानी दरिया की तरह बहता नजर आया। इसी बीच सीवरेज कार्य में लापरवाही भी उजागर हुई। खंडेला बाजार मुख्य सोमवार सुबह एक पानी सप्लाई की पिकअप का टायर गड्ढे में फंस गया। गनीमत रही कि चालक सहित दो लोग सुरक्षित रहे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इसके अलावा अखबार सप्लाई करने वाले की स्कूटी और अन्य दुपहिया वाहन चालकों को भी गड्ढों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। मीणा मोहल्ले से पहले सहित शहर के कई हिस्सों में सीवरेज के गड्ढे धंसने की शिकायतें सामने आई हैं।



सड़क पर सीवरेज लाइन डालने के बाद गड्ढों को ठीक से नहीं भरा गया था, जो बारिश में धंस गए।

## सम्पादकीय

# आग का सिलसिला



गर्मियां बढ़ते ही घरों, कारखानों और अन्य स्थलों में आग लगने की घटनाओं का सिलसिला तेज होना इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि अभी तो तापमान और ज्यादा बढ़ने के आसार हैं। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि आग लगने की ज्यादातर घटनाएं एसी में ब्लास्ट अथवा शार्ट सर्किट होने की वजह से हो रही हैं। गत दिवस दिल्ली के विवेक विहार में एक चार मंजिला इमारत के फ्लैट में एसी में ब्लास्ट होने से इतनी भयंकर आग लगी कि अन्य फ्लैट भी उसकी चपेट में आ गए और नौ लोगों की जान चली गई। इसके एक दिन पूर्व दिल्ली के ही जौहरीपुर में एसी में ब्लास्ट होने से एक बच्चे की जान चली गई थी। इसके और पहले दिल्ली के ही निकट इंदिरापुरम में एक बहुमंजिला इमारत में शार्ट सर्किट से आग भड़की।

इस आग में लोगों की जान तो नहीं गई, लेकिन कई फ्लैट पूरी तरह से खाक हो गए। इस घटना में यह भी सामने आया कि गाजियाबाद का अग्निशमन विभाग ऐसे पर्याप्त उपकरणों से लैस नहीं था कि वह आग पर शीघ्र काबू पा पाता। ये घटनाएं तो केवल दिल्ली और उसके आसपास की हैं। ऐसी घटनाएं अन्य शहरों में भी सामने आ रही हैं और ज्यादातर के पीछे एसी अथवा किसी अन्य बिजली उपकरण में खामी-खराबी को रेखांकित किया जा रहा है। इसका मतलब है कि अपने यहां बिजली उपकरणों के निर्माण में गुणवत्ता संबंधी मानकों की अनदेखी हो रही है। ऐसा लगता है कि एसी के मामले में यह कुछ ज्यादा ही हो रहा है। जो भी हो, उन नियम-कानूनों को सही तरह से अमल में लाने की आवश्यकता है जो यह सुनिश्चित करते हैं कि बिजली उपकरणों का निर्माण निर्धारित गुणवत्ता के हिसाब से हो।

अपने देश में बिजली समेत हर तरह के उपकरणों की गुणवत्ता के मानक तो बने हुए हैं, लेकिन आम तौर पर यह देखने में आता है कि ऐसे उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनियां उनकी अनदेखी ही करती हैं। दोयम दर्जे के उत्पादों का निर्माण उपभोक्ताओं के साथ किया जाने वाला छल ही है। कई बार तो यह छल जानलेवा साबित होता है। गुणवत्ताहीन उत्पादों का निर्माण कोई नई समस्या नहीं है। चूंकि इस समस्या का समाधान नहीं किया जा पा रहा है, इसलिए दोयम दर्जे के उत्पादों का बनना और बिकना जारी है। हालांकि प्रधानमंत्री कई बार कह चुके हैं कि उद्यमियों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना चाहिए, क्योंकि वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तभी छाप छोड़ सकते हैं, जब उनके उत्पाद विश्वस्तरीय होंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि उनकी बातों का भी कोई असर नहीं पड़ रहा है। ऐसे में भारतीय मानक ब्यूरो को और अधिक सजगता एवं सक्रियता का परिचय देना होगा। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक लोगों को बिजली उपकरणों का उपयोग करने में अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी।

## विशेष आलेख

# बौद्धिकता का संकट : विश्वविद्यालयों से समाज तक फैलता मानसिक अवसाद



समकालीन समाज एक अजीब विडंबना से गुजर रहा है। भौतिक प्रगति तो आसमान छू रही है, पर मानसिक उन्नति की इच्छा को लोगों ने अवकाश में भेज दिया है। इसका परिणाम मनुष्य की सोच और सुविधा के बीच भारी असंतुलन पैदा कर रहा है। यह बौद्धिक संकट पूरी दुनिया में छाया हुआ है। अमेरिका से लेकर भारत तक कोई भी भूभाग इसका अपवाद नहीं है। इसे समझने के लिए शोध की जरूरत नहीं है। इसका प्रतिबिंब बौद्धिक विमर्शों में देखा जा सकता है।

लोकतांत्रिक समाज में जो बातें सड़क पर हो रही हैं, दुर्भाग्य से वही संसद में भी होती हैं और ठीक उसी रूप में विश्वविद्यालय के सभागारों में भी हो रही हैं। उनके बीच इस अंतर का समाप्त हो जाना बौद्धिक कारखानों में, जो ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज, हार्वर्ड, जेएनयू या जादवपुर विश्वविद्यालयों के रूप में हैं, उनकी अविकसित क्षमता और मानसिक भटकाव का संकेत है। इसीलिए अतिशय भौतिकता के बढ़ते नकारात्मक प्रभाव, वैज्ञानिक उपलब्धियों, कृत्रिम मेधा जैसे नवउदारवादी समाज के संकटों से तकनीक के साम्राज्यवाद का खतरा और लोगों में अपनी पहचान के लिए उभरती कट्टर प्रवृत्तियों जैसे भस्मासुरों का मुकाबला करने में इन कारखानों के पात्र पूरी तरह असमर्थ हैं। यही नहीं, वे स्वयं या तो इससे पीड़ित हैं या इसके खाद-पानी बने हुए हैं। मनुष्य का चेतनाशून्य होना पूरी सभ्यता का बीमार हो जाना है।

इस संकट के कारण और निदान पर आत्मालोचन ही बौद्धिकता को पुनर्जागृत करने का एकमात्र रास्ता है। पर यह भी नहीं हो पा रहा है। हर जगह बौद्धिक वर्ग अवसरवाद का शिकार है। साधारणतया अवसरवाद राजनीति के लिए प्रयुक्त होता है। मगर वहां यह काल की दृष्टि से क्षणभंगुर और प्रभाव की दृष्टि से तात्कालिक होता है। यह भी सत्य है कि राजनीति कठोर नियमों से नहीं चल सकती है। उसे क्षण-क्षण बदलती परिस्थितियों से जूझना पड़ता है और लचीलापन इसकी जरूरत होती है। हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखा था कि राजनीति विद्युत की तरह चंचला होती है। इसकी सीमा क्या हो, यह जरूर विमर्श का विषय हो सकता है, लेकिन बौद्धिक अवसरवाद का प्रभाव दीर्घकालिक होता है और पीढ़ियों को नुकसान पहुंचाता है। राजनीतिक अवसरवाद दिखाई पड़ता है, मगर यह दिखाई नहीं पड़ता है। यह छद्म स्वरूप में हमारे बीच रहता है।

बौद्धिकों की एक आम शिकायत देखी जा रही है कि राज्यसत्ता की दृष्टि उनके प्रति अनुकूल नहीं है या उदासीन है। वे भूल जाते हैं कि प्रेमचंद, रामधारी सिंह दिनकर, कार्लाइल, गोर्की राजसत्ता के प्रश्रय से या नारेबाजी से नहीं बनते हैं। वे समाज के साधक थे और साधना ही मौलिक बौद्धिकता का निर्माण करती है। बौद्धिकता में भटकाव का कारण यूरोप है। यूरोप के देशों में बौद्धिक कारखानों ने यूरोपीय साम्राज्यवादी हितों के लिए बौद्धिकता का सृजन किया। वे बौद्धिकता को नव-साम्राज्यवादी लक्ष्यों के लिए उपकरण की तरह उपयोग करते रहे। गैर यूरोपीय प्रतिभाएं उनके अनुकूल सर्वेक्षण और आंकड़े एकत्रित करती हैं और सिद्धांत उनके द्वारा प्रतिपादित होता है।

हालांकि पश्चिमी समाज दूसरों के लिए खाई खोदते हुए स्वयं उसमें गिर गया है। वहां के बौद्धिकों का सामर्थ्य सर्वसमावेशी, मानवीय और शुद्ध लोकतंत्र की बात करने में असमर्थ है। प्राचीन एवं मध्यकाल में भारत की जो बौद्धिकता थी, उसका प्रतिबिंब भी समकालीन समाज में नहीं है। यही कारण है कि रवींद्रनाथ ठाकुर ने 'भारत तीर्थ' में जो लिखा था, वह आज अधिक प्रासंगिक है- 'पुरानी रेखाएं लुप्त हो चुकी हैं, नई रेखा के निर्माण की क्षमता बची नहीं है। विडंबना है कि अहसास करने की ताकत भी जीर्ण हो चुकी है। अपनी स्थिति का अहसास करना ही आज की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी।' बौद्धिकता की सबसे बड़ी खासियत होती है सभी प्रकार के वैचारिक और सामाजिक-राजनीतिक बंधनों एवं झुकावों के बावजूद अपनी स्वायत्तता बनाए रखना। यही स्वायत्तता समाज-संस्कृति-राजनीति के प्रति आलोचनात्मक दृष्टि का विकास करती है।

इसकी निरंतरता समाज के लिए एक सौगात होती है। बौद्धिक विमर्श में पूर्वाग्रह पाले बिना परस्पर सत्संग होता है। बौद्धिकता का ह्रास राजनीति और संकीर्णतावादी ताकतों को निष्कंटक बना देता है और समाज की नकारात्मक ताकतों को प्रतिष्ठा प्राप्त करने का अवसर दे देता है। वह अपने विचारकों की फौज पैदा करती है। भूलना नहीं चाहिए कि बौद्धिकता का महानगरीय चरित्र भी इसके ह्रास का कारण है। भारतीय ज्ञान परंपरा बड़े महानगरों या शहरों से नहीं, बल्कि नवद्वीप, साहेबसपारी, काशी से विकसित हुई थी। साहेबसपारी (बिहार) से न्याय तो नवद्वीप (बंगाल) से नव-न्याय दर्शन आया था।

आज भी भारत के दूरदराज के इलाकों में बौद्धिकता के प्रति झुकाव है। यही आशावाद का कारण है। बौद्धिक पुनर्जागरण महानगरीय कारखानों, जो अवसरवाद के शिकार रहते हैं, से नहीं, दूरदराज के नए नवद्वीप और नए नालंदा से ही संभव है। एक राजनीतिक ने, जो चिंतन से लगाव रखते हैं, ठीक ही बताया कि सुदूर क्षेत्रों में ज्ञान आधारित व्याख्यानों को सुनने सैकड़ों लोग एकत्रित होते हैं। नवीन समाज की आकांक्षा रखने वालों की सुदूर क्षेत्रों में बौद्धिक आवाजाही भविष्य का विलक्षण संकेत है। हमें भूलना नहीं चाहिए कि एक समय राजनीति आलोचनात्मक बौद्धिकता के कारण विभाजित होकर भी अखंडित थी। संपूर्णानंद कांग्रेस के थे और दीनदयाल उपाध्याय की 'पोलिटिकल डायरी' का प्राक्कथन लिखा, तो एसएम जोशी समाजवादी थे और उन्होंने नेहरू की आत्मकथा का मराठी में अनुवाद किया। बौद्धिकता की समृद्धि राजनीति और समाज की मानसिक संपन्नता का कारण बनती है। उसी खोज में यात्रा पीढ़ियों के प्रति कृतज्ञता मानी जाएगी।

## आज का राशिफल

### मेष
मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे। पठन-पाठन में मन लगेगा।

### वृष
वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है।

### मिथुन
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपत्ति क्रय करने के योग बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

### कर्क
कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

### सिंह
नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

### कन्या
नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### तुला
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा।

### वृश्चिक
संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

### धनु
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। प्रचार-प्रसार से दूर रहें। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

### मकर
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें।

### कुंभ
क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

### मीन
मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# रोजाना सुदर्शन क्रिया करने से शरीर को मिलते हैं ये बेहतरीन फायदे



आजकल की लाइफस्टाइल में शरीर को हेल्दी और बीमारियों से बचाए रखना किसी चैलेंज से कम नहीं है। कई तरह के वायरस, जंक फूड, प्रोसेसड और मिलावटी खाद्य पदार्थों का सेवन करने से कई तरह की बीमारियां हमें घेर रही हैं। ऐसे में शरीर को हेल्दी रखने के लिए रोजाना योग करने की सलाह दी जाती है। खुद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग करिए और निरोग रहिए का नारा देते हैं।

**सुदर्शन क्रिया क्या है :** सुदर्शन क्रिया सांस से जुड़ा योगासन है। सुदर्शन क्रिया के दौरान सांसों को तेज और धीमी गति से अंदर और बाहर करना होता है। जो व्यक्ति नियमित तौर पर यह योगासन करता है, वह सांसों पर पूरी तरह नियंत्रण पा लेते हैं जिससे आपका इम्यून सिस्टम भी बेहतर होता है।

**स्ट्रेस को करता है कम :** नियमित तौर पर सुदर्शन क्रिया का अभ्यास करने से स्ट्रेस को कम करने में मदद मिलती है। एनसीबीआई (नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन) की वेबसाइट पर प्रकाशित एक लेख के मुताबिक, सुदर्शन क्रिया करने से शरीर से स्ट्रेस हार्मोन जैसे कोर्टिसोल और एड्रेनोकॉर्टिकोट्रोपिक का स्तर कम करने में मदद मिलती है।

**नींद की समस्या को करता है दूर :** आजकल की वर्किंग लाइफस्टाइल में लोगों को अनिद्रा यानी की नींद की समस्या बहुत ज्यादा हो रही है। खराब खानपान और तनाव की वजह से कई लोगों की नींद खराब होती है। ऐसे में सुदर्शन क्रिया करने से अनिद्रा और नींद न आने की समस्या से राहत पाई जा सकती है।

**शरीर में एनर्जी का लेवल बढ़ता है :** शरीर की एनर्जी को बढ़ाने के लिए भी सुदर्शन क्रिया काफी फायदेमंद साबित होती है। जिन लोगों को छोटे-छोटे काम करने के बाद थकान और कमजोरी महसूस होती है, उन्हें रोजाना 20 से 25 मिनट सुदर्शन क्रिया करने की सलाह दी जाती है।

# सूरजमुखी के फूलों की चाय पीने से शरीर को मिलते हैं यह फायदे

सूरजमुखी का फूल जितना देखने में सुंदर होता है। उतना ही स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। सूरजमुखी की बीजों के फायदे के बारे में, तो आपने हजारों बार सुना होगा लेकिन क्या आप जानते हैं इसकी फूलों की चाय भी बनाई जा सकती है। इस चाय को पीने से हार्ट को हेल्दी रखने में मदद मिलती है और शरीर से बैड कोलेस्ट्रॉल भी कम होता है। ये चाय शरीर की सूजन कम करने के साथ शरीर डिटॉक्स भी होता है। सूरजमुखी के फूलों में मैग्निशियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन और विटामिन बी1 आदि पाए जाते हैं। इसके सेवन से सांस संबंधी परेशानी भी कम होती है और शरीर हेल्दी रहता है।

### शरीर की सूजन को कम करे

सूरजमुखी के फूलों की चाय पीने से शरीर की सूजन कम होने के साथ शरीर भी हेल्दी रहता है। कई बार ज्यादा देर पैर लटकाने से पैरों में सूजन की समस्या हो जाती है। ऐसे में इस चाय को पीने से ये सूजन कम होने के साथ शरीर भी हेल्दी रहता है।

### हाई ब्लड प्रेशर को करे कंट्रोल

सूरजमुखी के फूलों की चाय पीने से हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद मिलती है। इस चाय में काफी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के साथ शरीर को स्वस्थ रखते है। इस चाय को दिन में एक बार पीया जा सकता है।

### मूड सुधारे

सूरजमुखी के फूलों की चाय पीने से मूड को बेहतर करने में मदद मिलती है। सूरजमुखी के फूलों में भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है, जो मूड को अच्छा करने के साथ एनर्जी को भी बढ़ाते है। ये चाय पीने से कई बीमारियां दूर होती है।

### गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ाए

सूरजमुखी के फूलों की चाय पीने से शरीर से बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है और गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। ये चाय पीने से हार्ट संबंधी समस्याओं का खतरा कम होने के साथ शरीर भी स्वस्थ रहता है।



### ग्लोइंग स्किन के लिए फायदेमंद

सूरजमुखी के फूलों की चाय पीने से स्किन चमकदार बनती है और स्किन की कई समस्याएं भी दूर होती है। ये चाय शरीर को हेल्दी रखने के साथ कई बीमारियों को आसानी से दूर करती है। इस चाय को पीने से स्किन मुलायम बनती है।

### कैसे बनाएं सूरजमुखी के फूलों की चाय

सूरजमुखी के फूलों की चाय बनाने के लिए इसके फूलों को धोकर साफ कर लें और कुछ देर के लिए धूप में सुखा दें। जब फूल सूख जाएं, तो इसका बारीक पाउडर पीस लें। अब चाय बनाने के लिए 1 चम्मच पाउडर पानी में मिला दें। पानी उबलने के बाद चाय को छानकर पिएं।

**कार्यालय नगर पालिका, रींगस, जिला-सीकर (राज0)**
Email - ringas.jaipur@gmail.com Phone No. 01575-224854

SR.NO. :- न.पा.री /2026-27/291 DATE : 30/04/ 2026

**ई - निविदा सूचना/2026-27/03**

नगर पालिका रींगस द्वारा उपर्युक्त श्रेणी में पजींकृत ठेकेदारों/फर्मो से 04 कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा ऑनलाईन दिनांक 01.05.2026 से 11.05.2026 तक प्राप्त की जावेगी। कार्य का विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं एंव सभी कार्यो की ऑनलाईन निविदा http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्राप्त की जावेगी।

**NIB CODE - DLB2627A1159**
**UBN NO. DLB2627SLOB03249, DLB2627SLOB03250, DLB2627SLOB03252, DLB2627SLOB03255** है।

राज.संवाद/सी/26/1947

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका रींगस

# हड्डियों को मजबूत करने के लिए जरूर अपनाएं यह आदतें, विटामिन डी की कमी होगी पूरी

हमारे शरीर के लिए कई प्रोटीन और विटामिन्स जरूरी होते हैं। इन्हीं में से एक जरूरी न्यूट्रिएंट विटामिन डी है। यह कैल्शियम के इस्तेमाल को बेहतर बनाता है। शरीर में विटामिन डी की कमी होने पर शरीर कैल्शियम का इस्तेमाल बेहतर तरीके से नहीं कर पाता है। जिसके कारण हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। शरीर में विटामिन डी की कमी होने पर फैक्चर का ज्यादा खतरा, हड्डियों में दर्द, हड्डी का गलत विकास, ऑस्टियोपोरोसिस, डिप्रेशन, मांसपेशियों में कमजोरी, थकान और बार-बार बीमार पड़ना आदि लक्षण दिखाई देते हैं।

**विटामिन डी की डेली डोज :** विटामिन डी पाने का बेस्ट सोर्स धूप होती है। लेकिन धूप में जाने से पहले आपको नीचे बताई गई तीन बातें ध्यान में रखना जरूरी होता है। इससे शरीर इस विटामिन को जल्दी अवशोषित यानी की आसानी से प्राप्त कर लेता है।

**बाहर घूमने की आदत :** अपने डेली रूटीन में रोज टहलने की आदत बनानी चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, खासतौर से सुबह और शाम की धूप के समय सूरज की रोशनी में 8-10 मिनट तक टहलना चाहिए। सुबह और शाम के वक्त सूरज की खतरनाक किरणें कम होती हैं और यह आपकी स्किन को नुकसान नहीं पहुंचाती हैं।

**सनस्क्रीन को कहें न :** आजकल लोग बाहर जाने से पहले सूरज की यूवी किरणों से बचने के लिए सनस्क्रीन लगाई जाती है। लेकिन यदि आप इसको लगाकर बाहर टहलने जाते हैं तो विटामिन डी का उत्पादन भी ब्लॉक हो जाता है। ऐसे में सुबह और शाम को जब बाहर टहलने जाएं तो सनस्क्रीन को हाथ जैसे थोड़े हिस्से में ना लगाएं।

# भाजपा की धमाकेदार जीत पर मनाया जश्न

निसं



**लोसल ( नवयत्न )।** बंगाल, आसाम एवं पुडुचेरी में भाजपा की विधानसभा चुनावों में धमाकेदार जीत की खुशी में धोद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। आतिशबाजी की, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। खास बात तो यह है कि बंगाल में इस तरह की धमाकेदार जीत की चर्चा दिन भर लोगों के बीच बनी हुई रहीं। पिछले कुछ दिनों से धोद विधायक गोरधन वर्मा भी बंगाल चुनाव में सक्रिय रहे उन्हें भी कार्यकर्ताओं की तरह बंगाल में जिम्मेदारी दी गई थी। सोमवार को सभी की निगाहें बंगाल विधानसभा चुनाव पर टिकी हुई थी। लोगों में प्रबल आशा थी कि इस बार बंगाल में कमल का फूल खिलेगा लेकिन इस तरह की आशा नहीं थी कि टीएमसी सौ सीट से भी काफी नीचे निपट जाएगी। भाजपा को बंगाल में पहली बार बहुमत मिला है, भाजपा के लिए यह चुनाव महत्वपूर्ण था। जब सुबह काउंटिंग शुरू हुई, धीरे-धीरे परिणाम भाजपा के पक्ष में बनने लगा और शाम होते होते भाजपा बड़ी जीत की और आगे बढ़ने लगी। लोसल, धोद, खूड़ सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बंगाल चुनाव में धमाकेदार जीत दर्ज करने पर जश्न मनाया गया। इस दौरान शानदार आतिशबाजी की गई व मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। गढ़ चौक लोसल में शाम बाद जीत की खुशी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर जीत की खुशी के साक्षी बने। अंचल में सबसे ज्यादा चर्चा बंगाल चुनाव को लेकर थी जगह-जगह पर कुछ दिनों से परिणाम को लेकर कयास लगाए जा रहे थे जब परिणाम बम बम आया तो लोग हेरान रह गए। बंपर भाजपा की जीत पर पूरे धोद विधानसभा क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर पहली बार कमल युत भगवा लहराया।

# पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रताप नगर थाना इलाके में 22 अप्रैल को हुई महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को कार में रखकर करीब 250 किलोमीटर दूर कोटा ले जाकर चुपचाप अंतिम संस्कार करने की साजिश रची थी। थानाधिकारी पूरणमल के अनुसार आरोपी वीरेंद्र लोधी ने अपनी पत्नी मीरा लोधी की चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने ससुराल पक्ष को फोन कर मीरा की तबीयत खराब होने और उसे डॉक्टर के पास ले जाने की बात कहकर गुमराह किया। इसके बाद आरोपी पत्नी के शव को कार में रखकर जयपुर से कोटा स्थित अपने घर ले गया, जहां वह गुपचुप तरीके से अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगा। इसी दौरान मृतका के पीहर पक्ष को शक हुआ और वे मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने तत्काल अंतिम संस्कार रुकवाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोटा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और जीरो नंबर की एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच प्रताप नगर थाना पुलिस को सौंप दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच करते हुए करीब एक महीने में पूरी साजिश का खुलासा कर दिया और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था, जिसके चलते दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। 22 अप्रैल को भी इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, जिसके बाद उसने गुस्से में आकर पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने हत्या को छुपाने के लिए पूरी योजना बनाकर शव को दूर ले जाकर अंतिम संस्कार करने की कोशिश की थी। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# बाबा श्याम की वार्षिकोत्सव में सजी 56 भोग की झांकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** झोटवाड़ा स्थित श्याम पुरी में सोमवार को श्याम कुमावत परिवार के तत्वावधान में आयोजित पंचम वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में श्री श्याम भजन उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने भाग लिया और देर रात तक भजन संध्या का आनंद उठाया। भगवान का फूलों का आकर्षक दरबार सजाकर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। आयोजक कमलेश कुमावत ने बताया कि भजन उत्सव में ज्योत सेवा पंकज महाराज द्वारा की गई। इस अवसर पर हाथोज धाम के बालमुकुंद आचार्य महाराज के सानिध्य ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। प्रियंका श्याम दीवानी खाटू सहित विभिन्न भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मनीष कुमावत म्यूजिकल ग्रुप के साथ राज राठौड़, आदित्य छिपा एवं अंकित प्रितम शर्मा ब्रदर्स ने भी अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। इस अवसर पर श्याम प्रभु का मनमोहक दरबार सजाया गया, जिसमें फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। अखंड ज्योत प्रज्वलित कर 56 भोग की भव्य झांकी सजाई गई। पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा के बीच देर रात तक भजनों की स्वर लहरियां गुंजायमान होती रहीं। कार्यक्रम में विभिन्न श्याम प्रेमी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिनका संस्था की ओर से दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम स्थल पर हनुमान गोयल द्वारा श्रृंगार सेवा की गई तथा ध्वनि व्यवस्था अजमेरा ऑडियोज द्वारा संभाली गई। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ग्राहक बनकर आए बदमाशों ने झुमकों पर किया हाथ साफ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पत्रकार कॉलोनी थाना क्षेत्र में ग्राहक बनकर आए दो बदमाशों ने ज्वेलरी शॉप से सोने के झुमके चोरी कर फरार हो गए। घटना का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित दुकानदार ने ग्राहकों के जाने के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। एएसआई विक्रम सिंह के अनुसार इस्कॉन रोड स्थित अमृत नगर में अशोक चौपड़ा की जैन ज्वेलर्स नाम से दुकान है। सोमवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे स्कूटी सवार दो युवक ग्राहक बनकर दुकान में पहुंचे। इनमें से एक बुजुर्ग जैसा दिखने वाला व्यक्ति अंदर आया और दुकानदार से सोने के झुमके दिखाने को कहा जबकि उसका साथी हेलमेट पहने दरवाजे पर खड़ा रहा। झुमके दिखाने के दौरान आरोपी ने बड़ी चालाकी से करीब 15.20 मिलीग्राम वजन का एक सोने का झुमका अपने हाथ में छिपा लिया। इसके बाद गहने पसंद नहीं आने का बहाना बनाकर दोनों वहां से निकल गए। दुकानदार ने जब बाद में सामान चेक किया तो झुमका कम मिला। शक होने पर सीसीटीवी फुटेज देखे गए। जिसमें चोरी की वारदात स्पष्ट नजर आई। इसके बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर स्कूटी सवार दोनों बदमाशों के खिलाफचोरी का मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है।

# दीवार गिरने से महिला की मौत

निसं

**मलसीसर ( नवयत्न )।** उपखण्ड क्षेत्र के गांव हरिपुरा में टीनशेड से बने मकान पर आकाशीय बिजली गिरने के कारण मकान की दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला के पति मोहर सिंह ने पुलिस को जानकारी दी कि उसकी पत्नी सुमन अपने खेत पर पशु की देखभाल के लिए अपनी लड़की के साथ रह रही थी। रविवार रात्रि में आए तूफान के कारण दीवार पर बिजली गिरने से दीवार गिर गई जिसके नीचे सुमन दब गई। उसकी लड़की ने आवाज लगाकर पड़ोसी को बुलाया जिसने दीवार के नीचे से सुमन को बाहर निकालकर उप जिला अस्पताल मलसीसर लाया गया।

# भाजपा की जीत पर जमकर फोड़े पटाखे

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के सामने जमकर पटाखे फोड़े। इसके बाद जमकर मिठाइयां बाटी गई। भाजपा युवा मोर्चा महासचिव रोशन सितमका ने बताया कि पश्चिम बंगाल, आसाम तथा पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर नगर पालिका के सामने जमकर आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की गई। इस दौरान जमकर पटाखे फोड़े गये। कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान मिठाइयां बाट कर एक दूसरे का मूंह मीठा कर बधाई दी गई। भाजपा कार्यकर्ताओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दिनेश भातरा ने कहा कि पहली बार सनातनियों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया है। भाजपा नेता विष्णु चुलेट ने बताया कि यह सनातन की जीत है। बंगाल में अब हिन्दुओं को पलायन नहीं करना पड़ेगा। रोजगार, माताओं-बहनों-बेटियों की सुरक्षा हमारी सरकार सुनिश्चित करेगी। इस दौरान ओम प्रकाश, सुरेन्द्र कौशिक, अरूण बावडिका, राजेन्द्र भातरा, विवके भातरा सहित दर्जनों भाजपा के लोग मौजूद थे।

# गोवत्स राधा कृष्ण महाराज का किया सम्मान

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** दडीबा के राजाजी चौक में फूसराज निरंजन स्वरूप राठी द्वारा आयोजित कथा कार्यक्रम में कथावाचक गोवत्स श्रीराधा कृष्ण महाराज ने सोमवार प्रभात फेरी में सामूहिक संकीर्तन किया। इसके पश्चात बाबा भूतनाथ मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं को धर्म एवं सेवा का संदेश दिया। तत्पश्चात ग्रीन ब्रिगेड टीम द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत महाराज ने अपने कर-कमलों से एक वटवृक्ष का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक वृक्ष लगाना एक लाख जीवों की सेवा के समान है। उन्होंने सभी भक्तजनों से पर्यावरण संरक्षण हेतु कम से कम एक-एक वृक्ष लगाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में ग्रीन ब्रिगेड के अध्यक्ष पवन कुमार पारीक ने महाराज का आभार व्यक्त किया तथा सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राठौड़ बने दवाई खाद बीज एसोसिएशन के अध्यक्ष



**तारानगर ( नवयत्न )।** दवाई खाद बीज एसोसिएशन तारानगर की बैठक राजगढ़ रोड स्थित एक होटल में हुई। बैठक में तारानगर एसोसिएशन को आ रही विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसहमति से वीरेंद्र राठौड़ सात्यू अध्यक्ष, प्रताप नेहरा उपाध्यक्ष, अभिषेक कुलड़िया मंत्री, सीताराम प्रजापत सलाहकार, साहबराम, मुकेश खाती कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। विक्रम वालिया, चुन्नीलाल सैनी, नरेश जांगिड़, महेंद्र तेतरवाल, मनोज कस्वा, चरण पूनिया, दीपक सहारण, शीशपाल राहड़, गंगाधर सांगवान, सहदेव, उदमीराम नेहरा आदि ने नवमनोनित पदाधिकारियों का स्वागत किया व उन्हें बधाई दी। सभी दवाई खाद बीज दुकानदारों ने आपस में मिल जुलकर एक दूसरे को मिठाई खिला कर सबका मुंह मीठा करवाया और एक साथ बैठकर खाना खाया।

# बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न

निसं




**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा ने तीन राज्यों में पूर्ण बहुमत हासिल कर ऐतिहासिक व प्रचंड जीत हासिल की है। भारतीय जनता पार्टी की बंगाल में मिली ऐतिहासिक व प्रचंड जीत पर सोमवार को कस्बे के नगरपालिका चौक में पूर्व सांसद संतोष अहलावत व पूर्व विधायक सुभाष पूनियां के नेतृत्व में आतिशबाजी करते हुए एक दुसरे को मिठाई खिलाते हुए जीत का जश्न मनाया। पश्चिमी बंगाल, असम, पुदुच्चेरी, तमिलनाडु व केरलम में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बंगाल, असम व पुदुच्चेरी में पूर्ण बहुमत के साथ जीत हासिल की है। पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी सज्जन अग्रवाल, नगर मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सैनी, पूर्व चेयरमैन नरेश वर्मा, लाखु मंडल अध्यक्ष प्रमोद डैला, महिला मोर्चा अध्यक्ष शर्मिला डैला, वर्षा सोमरा, भरत बोहरा, कृष्ण यादव, दशरथ सिंह, संतोष कुमावत, राजपाल तंवर, राजपाल काजला, मनोज शर्मा, संदीप शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, धर्मवीर चंदेलिया सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विवाहिता की हत्या से जुड़ा प्रकरण, परिजनों का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** तहसील के ग्राम बेड़ में एक विवाहिता की हत्या के मामले ने सोमवार को तूल पकड़ लिया। घटना के विरोध में दूसरे दिन अस्पताल की मोर्चरी के बाहर बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं धरने पर बैठे हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। मृतका के चचेरे भाई गोपाल ठोलिया ने बताया कि उसकी बहन संजूदेवी की उसके पति प्रेमाराम और ससुराल के अन्य लोगों ने मिलकर हत्या की है। घटना के दो दिन बीत जाने के बावजूद भी निम्बी जोधा पुलिस की तरफ से कोई आश्वासन या कार्रवाई नहीं की गई जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष बना हुआ है। घटना के बाद से आरोपी प्रेमाराम मौके से फरार हो गया। इस संबंध में निम्बी जोधा थाने में मामला दर्ज करवा दिया गया है। साथ ही परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाने एवं शव को लेने से साफ इनकार किया है। घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और आरोपी की तलाश में टीमें लगी हुई है। जल्द की मामले का पटाक्षेप किया जाएगा। इस मौके पर गोपाल ठोलिया, विधायक प्रतिनिधि सुरजाराम भाकर, आरएलपी नेता रामकरण रेवाड़, गोविंदराम मंडा, प्रदेशाध्यक्ष गोपीराम बिजारणियां, कॉमरेड मदनलाल बेरा, ज्ञानाराम मेहरिया, भुगनाराम, आईदान राम, रामूराम, ईशाराम, पुरखाराम, रामनिवास शर्मा, रामरतन स्वामी, रशीद अली, भंवरी देवी, मोहनी देवी, शारदा देवी आदि मौजूद रहे।

# पेंशनर समाज की मासिक बैठक आयोजित

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा सुजानगढ़ की मासिक बैठक सोमवार को कर्मचारी कल्याण केंद्र पर आयोजित की गई। इस अवसर पर पेंशनर गोविंद राम माली, जगदीश प्रसाद सैनी, रतनलाल माली, मंगतू राम नाई, छगनलाल माली, नेमाराम मेघवाल, लक्ष्मी नारायण बंजारा, बृजलाल पंवार, कन्हैयालाल मेघवाल, ओमप्रकाश सोनी, प्रकाशचंद नाई को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी गई। बैठक में अध्यक्ष रेखाराम मेहरड़ा, सुरजाराम डाबरिया, विद्याधर पारीक, मन्ना लाल भींचर, तिलोकाराम दूधवाल, हुकमीचंद भोजक, नंद किशोर टेलर, सत्य नारायण स्वामी, हुसैन खान, सुखलाल सोनी, रामचंद्र टेलर, विनोद कुमार सोनी, रामचंद्र गोदारा, प्रहलाद सिंह भाटी, ओंकाराराम, श्याम सुंदर माली, शायर सिंह सांसी, कुंदनमल जांगिड़, दीपाराम सांडेला, किशनलाल कटारिया, रामचंद्र गुर्जर, हाकम अली खां, दीने खां कायमखानी, रंजीत नाई आदि उपस्थित रहे।

# तेज अंधड़ के साथ ओलावृष्टि से हुआ नुकसान

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** क्षेत्र में रविवार रात्रि को तेज अंधड़ से चारों ओर रेत ही रेत फैल गई। तारानगर तहसील के कई गांवों में तेज अंधड़ के साथ बारिश हुई व बारिश के साथ छोटे-बड़े आकार के ओले भी गिरे जिससे काफी नुकसान हुआ। झाड़सर कांधलान, झाड़सर छोटा, डाबड़ी सहित कई गांवों में आए अंधड़ के साथ ओले गिरने से वाहनों, मकानों के खिड़कियों के शीशों को नुकसान हुआ। घरों के टीनशेड, छपर आदि उड़ गए। वहीं पेड़ों पर लगे सैंकड़ों फूल व फल झड़ गए एवं खेतों में उगाई गई सब्जी की बेल नष्ट हो गई। झाड़सर कांधलान गांव के किसान रामकुमार लुहार ने बताया कि उन्होंने अपने 3 बीघा जमीन पर सब्जी की फसल उग रखी थी जो तेज अंधड़, बारिश व ओले पड़ने से एकदम नष्ट हो गई। वहीं मास्टर प्रेमचंद धायल के घर पर लगे चीकू के पेड़ के सारे कच्चे-पक्के फल झड़ गए। जमीन पर पतों व चीकू के फल की चादर सी बिछ गई। कई अन्य गांवों में भी तेज अंधड़ व ओले गिरने से घरों, विद्युत लाइन व पेड़-पौधों को नुकसान हुआ है।

# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में बाघिन चमेली के नवजात शावक की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नाहरगढ़ जैविक उद्यान में बाघिन चमेली द्वारा जन्मे नवजात शावक की उपचार के दौरान मौत हो गई। शावक का जन्म 3 मई को प्रातः हुआ था लेकिन जन्म के तुरंत बाद उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक पाई गई। वन विभाग के अनुसार शावक की गंभीर हालत को देखते हुए पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर उसे तत्काल वन्यजीव चिकित्सालय की नियोनेटल यूनिट में शिफ्ट कर गहन उपचार शुरू किया गया। पशु चिकित्सकों ने शावक को बचाने के लिए लगातार प्रयास किए लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। नियमों के तहत शावक का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिससे उसकी मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सकेगा।

# हीरा देवी हनुमान प्रसाद सैनी निस्वार्थ सेवार्थ संस्थान गठित




निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के किसान छात्रावास के पास में स्थित कृष्णा वाटिका में पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के मुख्य आतिथ्य में पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बंशीधर सैनी ने बताया कि जन हितार्थ सेवा के लिए हीरा देवी हनुमान प्रसाद सैनी निस्वार्थ सेवार्थ संस्थान का गठन किया गया है जिसमें शिशुपाल सिंह कुलहरी को ब्लॉक अध्यक्ष व दुर्गा प्रसाद डीडवानिया को सचिव बनाया गया। संस्थान का गठन पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक से मुक्ति, शिक्षा स्वच्छता, सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार, जरूरतमन्दो को आर्थिक सहयोग, नशामुक्ति, सामाजिक कुरूतियों को मिटाना, स्वदेशी का प्रसार, आत्मनिर्भर भारत आदि विषयों पर जनजागृती लेकर रखा गया।

इस दौरान डॉ वेद प्रकाश, डॉ विकास सैनी, डॉ कृति सैनी, भारत स्काउट गाइड के पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चोबदार, वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़, प्रोफेसर श्रवण कुमार सैनी, सुल्तान सैनी, रवि सैनी, मुनेश सैनी, अशोक कुमार सैनी, गोवर्धन सिंह, पंडित रमाकांत शर्मा, संतोष सैनी आदि मौजूद रहे।

# सूचना एवं तकनीकी निदेशालय के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण आयोजित

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के सूचना एवं तकनीकी निदेशालय के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण का आयोजन महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र पर आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर राजेंद्रसिंह राठौड़, रीजनल सचिव संतोषकुमार बांठिया व बीकानेर जोन चेयरमैन वीर टोडरमल चोपड़ा द्वारा भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व महावीर इंटरनेशनल प्रार्थना से किया गया। वीर केंद्र चेयरमैन सुरेंद्रकुमार हीरावत, वीरा केंद्र चेयरपर्सन सरला व यूथ केंद्र चेयरमैन विनोद जैन ने अपने केंद्र की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ सुन्दरलाल सुराणा, डॉ एमपी तिवाड़ी, आसकरण भट्टड़, ईश्वरचंद दूगड़, दिलीप कुमार बैद, बाबूलाल कांकरिया, डॉ सीताराम पंचारिया, निर्मल कुमार भूरा, रामेश्वरलाल छींपा आदि ने अपेक्स पदाधिकारियों का माल्यार्पण व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। जोन चेयरमैन टोडरमल चोपड़ा ने अपेक्स की वेबसाइट की जानकारी देते हुए कहा कि अब प्रत्येक केंद्र को अपनी सेवा गतिविधियों की जानकारी इस वेबसाइट के माध्यम से अपेक्स को भेजनी होगी। उन्होंने इसके उपयोग के विभिन्न चरणों को समझाते हुए उपस्थित सदस्यों को इसके व्यावहारिक उपयोग में लेने का प्रशिक्षण भी दिया। अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौड़ ने कहा कि वर्तमान समय में किसी भी संस्था के द्वारा आधुनिक तकनीक एवं नवाचारों को अपनाये बिना आगे बढ़ पाना संभव नहीं है। रीजनल सचिव संतोषकुमार बांठिया ने कहा कि इस तकनीक को अपना कर अपेक्स पेपरलेस कार्य प्रणाली की ओर बढ़ रहा है जो कि पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा। इस अवसर पर किशनलाल ओझा, भंवरलाल छींपा, पंकज संकलेचा, दिव्या दफ्तरी, किरण अग्रवाल, दुर्गा राठी, विजय श्री रांकावत को नये सदस्य के रूप में जोन चेयरमैन टोडरमल चोपड़ा ने शपथ ग्रहण करवायी। तीनों केंद्रों द्वारा अप्रैल माह में ही वार्षिक शुल्क का अंशदान अपेक्स में जमा करवा देने पर जोन स्तर पर प्रमाण पत्र प्रदान कर केंद्रों को सम्मानित किया गया। यूथ केंद्र द्वारा गर्मी के मौसम के मध्य नजर पक्षियों के लिए पालसीये एवं चुग्गा पात्र का लोकार्पण व वितरण किया गया। यूथ सचिव दीपक जोशी ने बताया कि यह सेवा कार्य स्थाई रूप से वर्ष भर जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में मोहनलाल पारख, अनिल जैन, सिकरचंद पींचा, प्रकाश मंत्री, लक्ष्मीकांत राठी, भंवरलाल पींचा, कन्हैया लाल सुराणा, बछराज पारख, विकास पारख, कमलादेवी मरोठी, ललिता मंत्री, मंजू बैद, लीला मरोठी, शारदादेवी दूगड़, सीमा मिश्रा, प्रीति मरोठी, संजू सोनी सहित तीनों केंद्रों के सदस्य गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर चंद दूगड़ ने किया।

# हार्मोन्स को संतुलन में रखने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव, सेहत भी रहेगी बेहतर



हमारे शरीर के लिए हार्मोन्स का संतुलिन होना बेहद जरूरी है, क्योंकि हार्मोन खून के माध्यम से शरीर के अन्य हिस्सों, स्किन, मसल्स और टिशू तक संदेश पहुंचाने का काम करते हैं। हार्मोन शरीर के इन हिस्सों को सिग्नल पहुंचते हैं कि उन्हें कब और किस तरह काम करना है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मदद करते हैं। ऐसे में शरीर में असंतुलित हार्मोन्स कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। असंतुलित हार्मोन्स के कारण भूख में कमी, अनिद्रा, तनाव, वजन बढ़ना और मूड स्विंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जो आपके स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है।



## खाना खाने के बाद कैफीन का सेवन करना

खाली पेट कैफीन का सेवन कोर्टिसोल हार्मोन के स्तर को बढ़ा सकता है, जिससे हार्मोन असंतुलित हो सकता है। ऐसे में आप सुबह या दिन के किसी भी समय खाली पेट कैफीन लेने से परहेज करें और खाना खाने के 45 मिनट बाद ही कैफीन का सेवन करें। ऐसा करने से कोर्टिसोल स्पाइक्स को कम किया जा सकता है।

## रिफाइंड वेजिटेबल ऑयल की जगह ए2 घी या कोल्ड-प्रेस्ड तेल चुनें

रिफाइंड वेजिटेबल ऑयल में अक्सर सूजन-रोधी कंपाउड्स होते हैं, जो हार्मोन असंतुलन का कारण बन सकते हैं। इसलिए आप इस तरह के तेलों के सेवन के स्थान पर ए2 घी या कोल्ड-प्रेस्ड तेलों को अपनी डाइट में शामिल करें, क्योंकि ये जरूरी फैटी एसिड और एंटी-ऑक्सिडेंट से भरपूर होते हैं, जो हार्मोनल स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं।

## सफेद आटे के स्थान पर बाजरे का आटा चुनें

रिफाइंड सफेद आटे में पोषक तत्वों की कमी होती है और इसके सेवन से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है, जिसके कारण इंसुलिन का स्तर प्रभावित हो सकता है, जो हार्मोन्स के असंतुलन का कारण बन सकता है। इससे बचाव के लिए आप अपनी डाइट में बाजरे का आटा शामिल कर सकते हैं, क्योंकि ये कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल और हार्मोन्ल संतुलन को कंट्रोल रखने में में मदद कर सकते हैं।



## खाने के बाद शारीरिक गतिविधियां करें

खाना खाने के बाद बैठे रहना या सो जाना आपके पाचन पर बुरा प्रभाव डाल सकता है, जो ब्लड शुगर लेवल को प्रभावित कर सकता है और इंसुलिन हार्मोन के स्तर को असंतुलित कर सकता है। इसलिए खाना खाने के बाद कम से कम 15 मिनट वॉक करें।

## चॉकलेट की जगह लें हेल्दी स्मूदी

चॉकलेट खाना हर किसी को पसंद होता है, लेकिन इसमें मौजूद चीनी की मात्रा इंसुलिन के स्तर को बढ़ा सकती है, जिससे हार्मोन्स में उतार-चढ़ाव हो सकता है। ऐसे में आप मैग्नीशियम से भरपूर कोको स्मूदी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जो मिनरल्स से भरपूर होते हैं और आपके हार्मोन्स को संतुलित करने में मदद कर सकते हैं।

## कार्डियो के साथ अन्य फिजिकल एक्टिविटी भी करें

शारीरिक गतिविधियों के नाम पर सिर्फ कार्डियो करने से बचें और इसके साथ योग या अन्य तरह की फिजिकल एक्टिविटी करने की कोशिश करें, क्योंकि ये हार्मोन को संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं। बता दें कि कार्डियो एंडोर्फिन और चयापचय को बढ़ावा देता है, जबकि योग कोर्टिसोल जैसे तनाव हार्मोन को कम करता है।

## नेचुरल केमिकल फ्री ब्यूटी प्रोडक्ट्स चुनें

हार्मोन को संतुलित रखने के लिए थैलेट आधारित कॉस्मेटिक्स के स्थान पर नेचुरल केमिकल फ्री ब्यूटी प्रोडक्स को चुनें क्योंकि कॉस्मेटिक्स प्रोडक्ट्स में पाए जाने वाले थैलेट्स हार्मोनल असंतुलन का कारण बन सकते हैं।

# गर्मियों में सेहतमंद रहने के लिए डाइट में शामिल करें ये चीजें

सेहतमंद रहने के लिए मौसम, उम्र और शरीर की प्रकृति व हेल्थ कंडीशन्स के हिसाब से डाइट लेना बहुत जरूरी है। सर्दियों में जहां सर्दी-खांसी और जुकाम से बचने के लिए शरीर को अंदर से गर्माहट देने वाली चीजें खानी चाहिए। वहीं, गर्मियों में सेहतमंद रहने के लिए शरीर को ठंडक देने वाली चीजों को डाइट में शामिल करना चाहिए। तेज धूप और गर्मी के बीच शरीर को हाइड्रेट और अंदर से ठंडा रखना बहुत जरूरी है वरना कई तरह की बीमारियां आपको घेर सकती हैं।



## छाछ

गर्मियों में छाछ पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह प्रोबायोटिक्स का अच्छा सोर्स है। इससे डाइजेशन और इम्यूनिटी में सुधार होता है। छाछ पीने से शरीर को अंदर से ठंडक मिलती है और पेट की गर्मी भी दूर होती है। इसमें विटामिन बी12 और कैल्शियम जैसे हेल्दी विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद हैं।

## पुदीना-खीरा डिटॉक्स वॉटर

शरीर की गर्मी को कम करने, लू से बचने और शरीर को अंदर से ठंडक देने के लिए पानी में कुछ पुदीने की पत्तियां और खीरे के टुकड़े डालकर इंफ्यूज्ड वॉटर तैयार करें। इससे शरीर हाइड्रेट भी रहेगा। इसे दिन भर पीती रहें।

## लौकी

गर्मियों में लौकी को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। इसमें पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। लौकी में विटामिन सी और विटामिन के पाए जाते हैं। गर्मियों में इसके जूस और सब्जी कों जरूर खाएं।

## गन्ने का जूस

गन्ने के जूस में पानी भरपूर मात्रा में होता है। इसमें कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स और



मिनरल्स भी अधिक होते हैं। शरीर को अंदर से ठंडक और ताजगी देने के साथ ही यह जूस लिवर के लिए भी बेहद फायदेमंद है।

## नारियल पानी

नारियल पानी में भी पानी, इलेक्ट्रोलाइट्स और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं। पोटेशियम और मैग्नीशियम रिच नारियल पानी गर्मियों के लिए बेस्ट ड्रिंक है। इससे पूरा फायदा पाने के लिए इसके पानी के साथ इसकी मलाई भी खाएं।

# प्रेग्नेंसी की पहली तिमाही में भूलकर भी न करें ऐसी गलतियां, मां और बच्चे दोनों के लिए बढ़ सकती है परेशानी

किसी भी महिला के लिए प्रेग्नेंसी एक बेहद रोमांचक समय होता है। यह एक महिला के लिए उसके जीवन का सबसे खूबसूरत पल होता है। इस दौरान महिलाएं अपने आने वाले बच्चे के लिए काफी ज्यादा उत्सुक होती हैं। हांलाकि प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं और तनाव आदि से भी जूझना पड़ता है। बता दें कि प्रेग्नेंसी की पहली तिमाही महिलाओं के लिए काफी नाजुक होती है। इस दौरान महिलाओं को कुछ गलतियां करने से बचना चाहिए। अक्सर कहा जाता है कि गर्भवती महिलाओं को भारी सामान नहीं उठाना चाहिए। साथ ही उन्हें किसी भी तरह का स्ट्रेस या तनाव लेने से बचना चाहिए। ऐसे में अगर आप भी जल्द ही मां बनने वाली हैं।

## न करें हैवी एक्सरसाइज

प्रेग्नेंसी की पहली तिमाही में हैवी एक्सरसाइज करने से बचना चाहिए। क्योंकि ऐसा करने से आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। साथ ही इससे मिसकैरेज होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए प्रेग्नेंसी



की पहली तिमाही में हल्की एक्सरसाइज करने की सलाह दी जाती है।

## ज्यादा वजन न उठाएं

प्रेग्नेंट महिलाओं को पहली तिमाही में अधिक वजन उठाने से बचना चाहिए। क्योंकि ज्यादा भारी सामान उठाने से मिसकैरेज का खतरा अधिक बढ़ जाता है। वहीं प्रेग्नेंसी की पहली तिमाही में आपको बार-बार झुकना नहीं चाहिए। इस दौरान भारी सामान जैसे पानी से भरी बाल्टी आदि उठाने से बचना चाहिए।

## एल्कोहल और स्मोकिंग

प्रेग्नेंसी के दौरान एल्कोहल और स्मोकिंग आदि का सेवन करना नुकसानदायक माना जाता है। यदि गर्भवती महिलाएं एल्कोहल या स्मोकिंग करती हैं, तो यह आपको दिक्कत में डाल सकती है। इसलिए प्रेग्नेंसी की पहली तिमाही में एल्कोहल या स्मोकिंग आदि का सेवन बिलकुल भी नहीं करना चाहिए।

## तनाव या चिंता

गर्भवती महिलाओं को इस दौरान चिंता या तनाव में बिल्कुल भी नहीं रहना चाहिए। क्योंकि तनाव न सिर्फ आपके बल्कि गर्भ में पलने वाले बच्चे के लिए भी मुश्किलें बढ़ा सकता है। प्रेग्नेंसी के दौरान हार्मोनल बदलाव की वजह से आपको तनाव का अनुभव हो सकता है। इसलिए तनाव लेने से बचना चाहिए।

## अच्छी नींद है जरूरी

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को पूरी नींद लेनी चाहिए। क्योंकि नींद की कमी या अनिद्रा के कारण आपकी तबियत बिगड़ सकती है। वहीं नींद न पूरी होने पर गर्भवती महिलाओं को थकान महसूस हो सकती है। इसलिए प्रेग्नेंट महिलाओं को पूरी नींद जरूर लेनी चाहिए।

# बढ़ती उम्र में जवां दिखने के लिए रोज सुबह करें ये काम

अपनी उम्र से कम दिखना भला कौन नहीं चाहता है। लेकिन आपने अक्सर देखा होगा कि कुछ लोग अपनी उम्र से अधिक नजर आते हैं। कुछ महिलाओं के चेहरे पर उम्र से पहले ही बुढ़ापा नजर आने लगता है। वहीं, कुछ महिलाएं उम्र से 10 साल जवां दिखाई देती हैं। बेशक इसके कई कारण हो सकते हैं। इनमें सही स्किन केयर, हार्मोनल इंबैलेंस, स्ट्रेस और हेल्थ कंडीशन्स भी शामिल हैं। लेकिन इसके अलावा आपकी कुछ आदतें आपको समय से पहले बूढ़ा बना सकती हैं। पर अगर आप कुछ हेल्दी आदतों को अपनाएंगी, तो आप आसानी से अपनी उम्र से कम नजर आ सकती हैं।

## कॉपर स्क्रैपर से करें जीभ की सफाई

हेल्दी रहने और एंटी-एजिंग के लिए शरीर की अंदर और बाहर से सफाई जरूरी है। हमारी जीभ में कई तरह के टॉक्सिन्स और बैक्टीरिया जमा हो जाते हैं। रोज सुबह कॉपर स्क्रैपर से जीभ की सफाई करें। इससे टॉक्सिन्स, बैक्टीरिया और मुंह से आने वाली बदबू दूर होगी। यह आदत शुगर क्रेविंग्स को भी कम करती है।

## सुबह उठकर सूरज की रोशनी लें

सुबह उठने के बाद आपको कुछ मिनट सूरज की रोशनी जरूर लेनी चाहिए। सनलाइट में वॉक करें या फिर कुछ देर बैठे रहें। इससे कोर्टिसोल हार्मोन का लेवल बैलेंस होता है, शरीर को विटामिन-डी मिलता है और हेल्दी स्किन के लिए भी यह जरूरी है।

## प्रोटीन रिच ब्रेकफास्ट लें

उम्र से जवां दिखने के लिए हेल्दी डाइट बहुत जरूरी है। प्रोटीन रिच ब्रेकफास्ट करें। इसके अलावा सुबह



कुछ हेल्दी फैट्स और नट्स को डाइट में शामिल करें। इससे शरीर को प्रोटीन मिलता है, इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार होता है और ब्लड शुगर लेवल मैनेज होते हैं। साथ ही, इंफ्लेमेशन भी कम होता है।

## अनुलोम-विलोम करें

सेहतमंद रहने के लिए रूटीन में योग और एक्सरसाइज को जरूर शामिल करना चाहिए। अगर आप अपनी असल उम्र से कम दिखना चाहती हैं, तो इसके लिए आप रोज अनुलोम-विलोम करें। इससे स्ट्रेस कम होता है और शरीर में ऑक्सीजन फ्लो बढ़ता है।

## कॉपर के बर्तन में पानी पिएं

कॉपर के बर्तन में पानी पीना गुणों का खजाना है। इसमें एंटी-माइक्रोबेयिल प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं। इससे डाइजेशन में सुधार होता है और इंफ्लेमेशन कम होता है। रोज सुबह उठकर कॉपर के बर्तन में लगभग 300 मि.ली. पानी पिएं।





# बच्चों की डाइट में जरूर शामिल करें ये फल, तेजी से बढ़ेगी हाइट

बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में पोषण की अहम भूमिका होती है। खराब पोषण या पोषक तत्वों की कमी क कारण बच्चों की शारीरिक ग्रोथ रुक जाती है। बच्चों की लंबाई भी खानपान ठीक होने से सही ढंग से बढ़ती है। ऐसे में बच्चों की लंबाई बढ़ाने के लिए पेरेंट्स को पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स खिलाने चाहिए।

**बच्चों की हाइट बढ़ाने में फायदेमंद फल :** हाइट छोटी होने से बच्चों का आत्मविश्वास कम हो सकता है। बच्चों की हाइट बढ़ाने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स का सेवन करने की सलाह दी जाती है। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, प्रोटीन, फाइबर और विटामिन जैसे पोषक तत्वों से युक्त फलों का सेवन करने से हाइट बढ़ाने में मदद मिलती है। बच्चों को ज्यादा मात्रा में फल खिलाने से बहत उन्हें पोषक तत्वों से भरपूर फल खिलाने चाहिए। इससे उनकी हाइट भी तेजी से बढ़ेगी और कई फायदे मिलेंगे।

**केला :** केला सेहत के लिए फायदेमंद पोषक तत्वों से भरपूर फल है। इसका सेवन बच्चों की लंबाई बढ़ाने में मदद करता है। केले में विटामिन सी, विटामिन बी6 और पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है।

**अनार :** अनार में विटामिन सी, विटामिन के, और फोलेट होता है, जो बच्चों की लम्बाई को बढ़ाने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, अनार में प्रोटीन और कैल्शियम भी होता है, जो हड्डियों को मजबूती प्रदान करते हैं।

**आम :** आम में विटामिन ए, विटामिन सी, और बी-कॉम्प्लेक्स होता है, जो हड्डियों के विकास में मदद करता है। इसके अलावा आम में बेटा-कैरोटीन भी होता है, जो शरीर के ऊतकों को सही से काम करने में मदद करता है।

**गुड़ :** गुड़ में कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, और फोस्फोरस होता है, जो हड्डियों के विकास के लिए आवश्यक है। इसके अलावा गुड़ में फाइबर भी होता है, जो पाचन को सुधारने में मदद करता है और लंबाई बढ़ाने में मदद कर सकता है।

**अखरोट :** अखरोट में प्रोटीन, आयरन, और फाइबर होता है, जो हड्डियों के स्वस्थ विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, अखरोट में विटामिन ए और डी भी होते हैं।

# गर्मियों में इन चीजों को खाने से करें परहेज, वरना तबीयत हो जाएगी खराब

गर्मी ने दस्तक दे दी है। यह मौसम चिल करने के लिए जितना बेस्ट है उतना ही आपकी सेहत को नुकसान भी पहुंचा सकता है। गर्मी का मौसम हमारे मेटाबॉलिज्म,पाचन, फ्लूड बैलेंस सहित शरीर के कार्यों को प्रभावित करता है। डाइट में जरा सी ऊंच नीच आपको बीमार कर सकती है। इस मौसम में कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिन्हें बहुत ही कम मात्रा में सेवन करना चाहिए।

**गर्मियों में इन चीजों को खाने से करें परहेज :**

- गर्मियों के मौसम में लोगों को ठंडी बीयर पीने में बड़ा ही मजा आता है,लेकिन इससे हमारी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। अल्कोहल का सेवन करने से शरीर के तापमान को नियंत्रित करने वाली हाइपोथैलेमस ग्लैंड की कार्यप्रणाली धीमी हो जाती है। वहीं यह मूत्रवर्धक है इससे हमें बार-बार यूरिन पास करने की इच्छी होती है जिससे हमारे शरीर में पानी की कमी हो जाती है।
- चाय और कॉफी हम सभी का पसंदीदा ड्रिंक होता है। लेकिन गर्मियों के मौसम में इससे भी दूरी बनानी चाहिए। दरअसल ये जितने भी कैफीन युक्त ड्रिंक्स होते है वो मूत्रवर्धक होते हैं। इससे आपके शरीर में पानी की कमी हो सकती है और कमजोर महसूस कर सकते हैं।
- प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन से भी बचना चाहिए। इससे भी आप निर्जलित महसूस कर सकते हैं। शरीर प्रोटीन में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले नाइट्रोजन को मेटाबॉलाइज करने के लिए अधिक पानी का उपयोग करता है जिससे कोशिकाओं में पानी की कमी हो सकती है।
- गर्मियों के मौसम में नॉनवेज या बहुत अधिक मसालेदार खाना खाने से परहेज करना चाहिए। इससे शरीर का तापमान गड़बड़ा सकता है साथ ही पाचन से जुड़ी समस्या भी हो जाती है।
- जंक फूड खाने से बचना चाहिए। आजकल लोग पिज्जा,बर्गर,पेटीज मोमोज वगैरह खूब खाते हैं यह ऑयली होने के साथ-साथ अनहाइजेनिक भी होते हैं,जो पेट में गड़बड़ी पैदा कर सकता है इसके कारण दस्त उल्टी जैसी समस्याएं होने लगती है।
- गर्मी में कुछ लोग प्यास लगने पर एनर्जी ड्रिंक,सोडा या स्पोर्ट्स ड्रिंक जैसे मीठे पेय पदार्थों का सेवन करने लगते हैं,इससे भी बचना चाहिए। इनमें चीनी की उच्च मात्रा होती है जो निर्जलीकरण और रक्त शर्करा के स्तर में वृद्धि का कारण बन सकती है।

## अवैध हथियार लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन आग के तहत जयपुर पूर्व जिला विशेष टीम और रामनगरिया थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि डीएसटी और रामनगरिया थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कार्रवाई की। जहां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अलवर निवासी ओमप्रकाश सैनी उर्फ लहरी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से पुलिस ने एक अवैध देशी पिस्टल व जिंदा कारतूस, बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है। जिसे आरोपी ने नारायण विहार इलाके से चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह हथियार झोटवाड़ा क्षेत्र में एक अज्ञात युवक से खरीदा था। आरोपी के खिलाफरामनगरिया थाने में आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं। इनमें मानसरोवर व शिप्रापथ थानों में चोरी और लूट के दो-दो मामले, श्याम नगर में चोरी के दो मामले तथा करणी विहार, वैशाली नगर और महेश नगर थानों में नकबजनी सहित अन्य मामलों के तीन प्रकरण शामिल हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अवैध हथियारों के नेटवर्क और अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। इस कार्रवाई में सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर हरिशंकर शर्मा के निर्देशन में डीएसटी प्रभारी सुखबीर सिंह और रामनगरिया थानाधिकारी चंद्रभान के नेतृत्व में टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऑपरेशन में कांस्टेबल राजेश और नीरज का विशेष योगदान रहा।

## बढ़ते तापमान के बीच बनी कम प्रेशर से पानी आने की समस्या

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** अप्रैल महीने में यहां शुरू हुई कम प्रेशर से पानी आने की समस्या का समाधान नहीं होने का नाम नहीं ले रही है। जिम्मेदारों की जिम्मेदारी देखिए पेयजल के पर्याप्त स्त्रोत होते हुए भी गर्मी के समय पर हर घर पानी नहीं पहुंच रहा है। एक समय था जब विभाग के पास पेयजल के स्त्रोत सूखने के कारण यहां पर पानी की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन होते रहते थे लेकिन आज विभाग के कार्यालय में बनी पानी टंकी को भरने के लिए अच्छा खासा इंतजाम होने के बाद भी कम प्रेशर से पानी आने से पेयजल व्यवस्था आमजन के घरों तक नहीं पहुंच रहा है। पहले पानी के इंतजाम नाकाफी थे और अब हो गए तो फिर कुछ दिन से संकट बना हुआ है। खास बात तो यह है कि जलदाय विभाग के अधिकारियों ने अच्छी पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के लिए यहां पर अलग-अलग एरिया में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बना रखी है। लेकिन कुछ समय से कम प्रेशर से पानी आने से गर्मी दस्तक देने से पेयजल की समस्या बन गई। मामला जलदाय विभाग कार्यालय में बनी पानी की टंकी का है। जानकारी के अनुसार इस कम प्रेशर से पानी आने से कुछ ऊंचाई वाले घरों में पानी पहुंचना बंद सा हो गया है। सुबह दी जाने वाली पेयजल सप्लाई की यह बात है। लोगों का आरोप है कि जब जलदाय विभाग की नई व्यवस्था यानी सरकार के द्वारा पेयजल के स्त्रोत बढ़ाने के बाद विभाग के कार्यालय में पानी की टंकी भरने का अच्छा खासा इंतजाम होने के बाद पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान हो गया था लेकिन अब यह समस्या कम प्रेशर से पानी आने की फिर क्यों उत्पन्न हो गई। जलदाय विभाग कार्यालय के आसपास वाला इलाका का यह मामला है। सुबह की सप्लाई में मुख्य बाजार और कुचामन चौराहे से साबू टंकी साइड में जाने वाला मार्ग में पानी सप्लाई की जाती है। लोगों के यह समझ नहीं आ रहा है कि अच्छा खासा पानी आता था बल्कि नल बंद करने पड़ते थे लेकिन अब कुछ दिनों से व्यवस्था कमजोर कैसे उत्पन्न हो गई है।

## शराब ठेके पर जबरन वसूली के मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित 5 आरोपी बरी

निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** सिविल न्यायालय ने सोमवार को करीब 8 साल पुराने जबरन वसूली के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए हिस्ट्रीशीटर देवीसिंह खेरिया सहित पांच अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। न्यायाधीश सरीता कायथ ने साक्ष्यों के अभाव में आरोपियों को निर्दोष माना। जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में परिवादी बलवंत जाट निवासी न्यामा पीएस सालासर ने बीदासर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि देवीसिंह खेरिया और दो-तीन अन्य आरोपियों ने घंटियाल स्थित शराब ठेके को बंद करने को लेकर उसको डरा-धमकाकर जबरन वसूली का प्रयास किया। पुलिस ने उक्त मामले में जांच के बाद हिस्ट्रीशीटर देवीसिंह खेरिया और उसके साथियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया था। लंबे समय तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद न्यायालय ने देवीसिंह खेरिया निवासी ढढेरू, तिलोकचंद चौधरी निवासी सोनियासर, उदय करणावतान, हनुमानाराम जाखड़ निवासी तेहनदेसर, बाबूलाल बिस्सू निवासी सेवद छोटी, जगदीश जाट निवासी कुचेर आथूणी को मामले में पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। आरोपीगण की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सूरजमल यादव, निरंजन सोनी और कपिल भामां ने पैरवी की। बचाव पक्ष के वकीलों ने तर्क दिया कि परिवादी द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं और पुलिस के पास आरोपियों के खिलाफकोई ठोस सबूत मौजूद नहीं है। साक्ष्यों में विरोधाभास और पुख्ता सबूतों की कमी को देखते हुए न्यायाधीश ने सभी आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

## एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत 70 से ज्यादा मकान मालिकों पर कार्रवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयसिंहपुरा खोर में किराए पर रहने वाले आतंकवादी खरगोश का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान चलाकर 70 से ज्यादा मकान मालिकों पर बिना पुलिस वेरिफिकेशन किरायेदार रखने का मामला दर्ज किया है। एडिशनल डीसीपी ललित शर्मा ने बताया कि वारदातों को अंजाम देने के बाद वांछित बदमाश अपना नाम और पता बदलकर किराएदार के रूप में जयपुर में आकर फरारी काट रहे है। बदमाशों के इरादों पर पानी फेरने के लिए पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया है। अभियान के तहत पुलिस ने अब तक 73 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें पत्रकार कॉलोनी थाना क्षेत्र के उदय ग्रीन रेसीडेंसी में पुलिस ने छापेमारी कर बिना सत्यापन के रह रहे 26 लोगों को हिरासत में लिया है, इनमें से दो बदमाशों का पिछला आपराधिक रिकॉर्ड भी पाया गया है। वहीं पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कानोता थाना इलाके में स्थित बगराना के जेडीए फ्लैट्स में करीब 1 हजार फ्लैट्स की जांच के दौरान 47 किराएदारों को हिरासत में लिया है, जिनके पास कोई कियायानामा या पुलिस सत्यापन नहीं है।

# भाजपा की बड़ी जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** पश्चिमी बंगाल, असम, पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों में भाजपा पार्टी की बड़ी जीत पर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक विक्रम सिंह जाखल के नेतृत्व में नवलगढ़ भाजपा कार्यालय के पास में आतिशबाजी व मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस दौरान हितेश थोरी, एडवोकेट सुरेश सैनी, सुरेन्द्र सिंगोदिया, जयन्ति बील, जगमोहन सिंह शेखावत, अर्जुन वाल्मीकि, करणीराम, राजेंद्र सैनी, पूरण सिंह शेखावत, मदन सिंह, शंकरलाल सैनी, सुभाष लाम्बा, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष गौतम खंडेलवाल, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, विजय सोती, मुकुन्दगढ़ मण्डल अध्यक्ष कपिल शर्मा, लोहार्गल मण्डल अध्यक्ष किशन गुर्जर, विकास सैनी फूलवाला, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शब्द प्रकाश बियान, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बीरबल यादव,चंद्रशेखर मिश्रा, महेश चौधुरी भाजपा सदस्य, दीनानाथ रूंथला नवलगढ़ युवा भाजपा मोर्चा अध्यक्ष, ललित कुमावत, दिनेश भगोरिया सहित कई भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद रहे। वही कस्बे के नानसा गेट के पास पीएनबी बैंक के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनोज सोनी, रतनलाल कुमावत सहित कई भाजपा कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# आचार्यश्री का जीवन की अनित्यता विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण ने सोमवार को जैविभा स्थित सुधर्मा सभा में जीवन की अनित्यता विषय पर सारगर्भित प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि यह संसार परिवर्तनशील है और यहां कोई भी वस्तु स्थायी नहीं है। मनुष्य को इस सत्य को समझकर अपने जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करना चाहिए।

आचार्यश्री ने शरीर, संपत्ति, पद और संबंध को अस्थायी बताया। इन पर अत्यधिक मोह रखना दुःख का कारण बन सकता है। व्यक्ति यदि जीवन की अनित्यता को हृदय में उतार ले तो उसके भीतर वैराग्य और संयम की भावना जागृत हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि समय निरंतर गतिमान है और हर क्षण जीवन कम होता जा रहा है। इसलिए मनुष्य को अपने समय का सदुपयोग करते हुए धर्म, साधना और आत्मचिंतन की ओर अग्रसर होना चाहिए। आचार्यश्री ने उपस्थित जनसमूह को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन की क्षण भंगुरता को समझकर क्रोध, लोभ, मोह जैसी कषायों से दूर रहना चाहिए और आत्मशुद्धि के मार्ग पर चलना चाहिए। प्रवचन उपरांत जैन विश्व भारती मंत्री सलील लोढ़ा, प्रवास व्यवस्था समिति अध्यक्ष प्रमोद बैद, महामंत्री निर्मल कोटेचा, मंत्री राजेंद्र खटेड आदि ने गुरुदेव का आशीर्वाद लेते हुए उनके प्रवचनों की अनवरत धारा से अपने जीवन को सार्थक करने वाला बताया।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया पांडुलिपि प्रदर्शनी का उद्घाटन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं वैदिक हेरिटेज एवं पांडुलिपि शोध संस्थान द्वारा आयोजित पांडुलिपि प्रदर्शनी और 21 दिवसीय लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया को समझा। उपमुख्यमंत्री ने प्राचीन और दुर्लभ पांडुलिपियों को हमारी समृद्ध सांस्कृतिक एवं वैदिक विरासत का अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि यह पहल ज्ञान-संपदा के संरक्षण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं, लिपि ज्ञान और शास्त्रीय विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि इससे युवाओं में भारतीय भाषाओं, लिपियों और शास्त्रों के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ेगी, जिससे हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूती मिलेगी। इस कार्यक्रम में जयपुर संभागीय आयुक्त वी. सरवन कुमार और राजस्थान संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. लता श्रीमाली सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## रोजगार छिनने से नाराज ट्रैफिक मार्शल पहुंचे खाचरियावास के घर

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर में ट्रैफिक मार्शलों को हटाए जाने के विरोध में सोमवार को बड़ी संख्या में मार्शल पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के निवास पर पहुंचे और अपनी समस्याएं व पीड़ा साझा की। मार्शलों ने बताया कि उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में अहम भूमिका निभाई, लेकिन अचानक हटाए जाने से वे बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। मार्शलों ने बताया कि शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए भाजपा सरकार ने करीब 1000 ट्रैफिक मार्शलों की भर्ती की थी। उनकी तैनाती के बाद ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार भी देखने को मिला लेकिन इसके बावजूद उन्हें हटा दिया गया, जिससे वे आर्थिक संकट में आ गए हैं। इस दौरान जयपुर की सड़कों पर ट्रैफिक की स्थिति को लेकर भी चिंता जताई गई। मार्शलों का कहना था कि शहर में आए दिन लंबे जाम लग रहे हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि यह फैसला युवाओं के साथ अन्याय है।

उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सवाल करते हुए कहा कि अगर मार्शलों को हटाना ही था, तो उनकी भर्ती क्यों की गई। यह सरकार की नीतियों में अस्थिरता को दर्शाता है।

खाचरियावास ने मांग की कि सरकार तुरंत हस्तक्षेप कर ट्रैफिक मार्शलों की बहाली सुनिश्चित करे, ताकि एक ओर जहां युवाओं को रोजगार मिल सके, वहीं शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारू हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गयाए तो कांग्रेस पार्टी इन युवाओं के समर्थन में आंदोलन करेगी और उनकी आवाज को बुलंद करेगी।

## ढूकिया हॉस्पिटल ईएसआईसी सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के लिए इंपैनल्ड

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती देते हुए ढूकिया हॉस्पिटल को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत न्यूरो, यूरो और गैस्ट्रो सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के लिए इंपैनल किया गया है। इस उपलब्धि के साथ ही यह जिले का पहला और एकमात्र अस्पताल बन गया है, जिसे इन तीनों सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के लिए मान्यता प्राप्त हुई है। अस्पताल की संचालक डॉ मोनिका ढूकिया ने बताया कि इस इंपैनलमेंट से ईएसआईसी से जुड़े कार्मिकों और उनके परिजनों को अब उच्च स्तरीय इलाज के लिए बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें जिले में ही आधुनिक सुविधाओं के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा समुचित उपचार मिल सकेगा, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। उन्होंने जानकारी दी कि ढूकिया हॉस्पिटल में अनुभवी विशेषज्ञों की नियमित सेवाएं उपलब्ध हैं। न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में डॉ जोगेंद्र सिंह झाझड़िया गैस्ट्रो विशेषज्ञ के रूप में डॉ नवीन महला तथा यूरोलॉजी के लिए डॉ विजय ओला प्रतिदिन मरीजों को सेवाएं दे रहे हैं। डॉ ढूकिया ने आगे बताया कि अस्पताल में ईएसआईसी के साथ-साथ अन्य प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं जैसे आरजीएचएस, ईसीएचएस एवं मा योजना के अंतर्गत भी कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इससे अधिक से अधिक मरीजों को आर्थिक रूप से सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में इन हाउस 32 स्लाइस युक्त सिटी स्कैन, सोनोग्राफी की सेवाएं उपलब्ध हैं।

## प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को दिया मकान सूचीकरण जनगणना का प्रशिक्षण



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** निदेशक जनगणना कार्यालय राजस्थान सरकार जयपुर के पत्र द्वारा जिला जनगणना अधिकारीचूरू के पद्धत निर्देशों के क्रम में भारत की जनगणना का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकान की जन गणना राज्य सरकार की अधिसूचित अवधि के अनुसार राज्य में 16 मई से 14 जून 2026 के दौरान आयोजित किया जाना है जिसे नगर पालिका तारानगर और साहवा के शहरी क्षेत्र में नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण सोमवार को नगर पालिका हाल में फील्ड ट्रेनों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का दूसरा बैंच में 48 प्रगणक एवं सुपरवाइजर भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस मौके पर प्रशिक्षण में उपस्थित प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को मकान सूचीकरण के बारे में बताया गया। इस अवसर पर जनगणना प्रभारी भाग चंद किरोड़ीवाल, चार्ज अधिकारी चंद्रशेखर, हेमराज प्रजापत, ट्रेनर केदारमल आंसेरी व हरदेवराम लखेरा व प्रगणक सुपरवाइजर्स उपस्थित रहे।

## अशोक गहलोत ने बंगाल चुनाव नतीजों को बताया 'लोकतंत्र के खिलाफ अपराध'



**नई दिल्ली।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता अशोक गहलोत ने सोमवार को देश के मौजूदा राजनीतिक हालात और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। गहलोत ने जहाँ बंगाल के परिणामों को निराशाजनक और सत्ता का दुरुपयोग बताया, वहीं केरल में यूडीएफ की जीत को धर्मनिरपेक्षता की जीत करार दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा कि देश एक निर्णायक मोड़ पर है जहाँ लोकतंत्र को बचाने की जिम्मेदारी कांग्रेस के कंधों पर है।

गहलोत ने कहा, ''हम सब लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। देश को कांग्रेस की जरूरत है और केवल कांग्रेस ही लोकतंत्र की रक्षा कर सकती है।'' उन्होंने कार्यकर्ताओं से दृढ़ संकल्प के साथ काम करने का आह्वान किया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पूरा देश निराश है। गहलोत ने कहा, ''राहुल गांधी जी ने सही कहा है कि टीएमसी सरकार के खिलाफ आरोप और उसकी कमियों ने भाजपा को अवसर दिया।

भाजपा ने अब सत्ता पर कब्जा कर लिया है।'' उन्होंने चुनावों में अनियमितताओं का आरोप लगाया। गहलोत ने कहा, ''पश्चिम बंगाल में जो हुआ वह अभूतपूर्व और निंदनीय है।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अलवर प्रथम टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता (टीए) कृष्ण अवतार गुप्ता को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसके बड़े भाई के पुत्र के नाम से एचपीसीएल का पेट्रोल पंप लक्ष्मणगढ़ रोड स्टेट हाईवे-44 स्थित ग्राम बरखेड़ा में स्थापित करने के लिए एलओआई जारी हुआ है। पेट्रोल पंप के लिए एनओसी जारी करने के एवज में आरोपित अधिकारी द्वारा 40 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायत के सत्यापन के दौरान एक मई को यह पुष्टि हुई कि आरोपित ने पहले 10 हजार रुपये ले लिए थे और शेष 25 हजार रुपये की मांग कर रहा था। इसके बाद एसीबी ने ट्रैप की योजना बनाकर कार्रवाई की। भुवन भूषण (उप महानिरीक्षक पुलिस) के सुपरविजन में एसीबी चौकी अलवर प्रथम के प्रभारी उप अधीक्षक शब्बीर खान के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया और आरोपित कृष्ण अवतार गुप्ता को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है और मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है।


## सार्वजनिक सूचना

यह कि मेरी मुवकिला श्रीमती अनिता पत्नी रामसिंह जाती जाट निवासी चारावास तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुंझुनूं ने अपने आवासीय प्लोट क्षेत्रफल 296.65 वर्ग मीटर के जरिये उपहार पत्र रामसिंह पुत्र श्योदान जाती जाट निवासी चारावास तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुंझुनूं से प्राप्त किया था। जिसका पंजीयन उप पंजियक गुढ़ागौड़जी जिला झुंझुनू में दिनांक 29.04.2026 में पंजीबद्ध किया गया है। जिसके क्रमांक नं 202603331101391 है जो उक्त आवासीय प्लोट खसरा नं 1013, 1397/1012, 561, 932, 940, 945 ग्राम चारावास तहसील गुढ़ागौडजी जिला झुंझुनू में स्थित है, अब मेरी मुवकिला श्रीमती अनिता पत्नी रामसिंह जाती जाट निवासी चारावास तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुंझुनूं अपने उक्त आवासीय पर PNB Housing Finance से लोन ले रही है। जिसमें मेरी मुवकीला श्रीमती अनिता पत्नी रामसिंह जाती जाट निवासी चारावास तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुंझुनूं द्वारा लोन लेने पर किसी को भी कोई आपत्ती/एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज/उज्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट, मोबाईल नं. 9413434882**

## कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, जिला सीकर

क्रमांक- 1567 दिनांक:- 27/4/2026

**कार्यालय आदेश**

इस कार्यालय के ई-निविदा सूचना कमांक 01/2026 क्रमांक 1403 दिनांक 13.04.2026 केंटीन भवन निर्माण, पुलिस लाईन सीकर में निविदा ऑनलाईन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 27.04.2026 से बढ़ाकर दिनांक 04.05.2026 सांय 06:00 बजे तक की जाती है एवं निविदा को कार्यालय में जमा करवाने की तिथि 05.05.2026 प्रातः 11:00 बजे तक एवं निविदा खोलने की तिथि 05.05.2026 प्रातः 11:00 बजे तक की जाती है।

(प्रवीन नायक नूनाव)
पुलिस अधीक्षक
जिला सीकर

DIPR/C/7750/2026

# डॉ अम्बेडकर विचार समिति ने सौंपा ज्ञापन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ग्राम शाहपुरा ठीकरिया में वैदिक काल का हवाला देकर अनुसूचित जाति जनजाति समुदाय के लोगों को तेजाजी महाराज मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने से रोकने का आह्वान करने वाले बाबूलाल यादव निवासी अरणिया ने अनुसूचित जाति समुदाय को नीचा दिखाते हुए सामाजिक भाईचारा बिगाड़ने वाली बयानबाजी की है जोकि सर्वत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है। जानकारी देते हुए महेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि सर्वसमाज श्रीमाधोपुर द्वारा उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर को दोषी व उसके समर्थकों पर कड़ी कार्रवाई करने बाबत ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान एडवोकेट सुखवीर सिंह बौद्ध, महेश महरड़ा, वेदप्रकाश बारोलिया, महेश प्रताप सामरिया, सत्यनारायण मीणा, गणपत राम चांदोलिया, ज्ञानप्रकाश वर्मा, विनोद बींवाल, अशोक कुमार भारणी, मूलचंद वर्मा, अन्नू हरिजन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# सरकार से की सही पैमाईश करवाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा के स्थानीय अध्यक्ष तेजपाल गोदारा ने राजस्व मंत्री के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपकर सैटलमेंट पेमाईश सही करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सेटलमेन्ट पेमाईश में किसानों की जमीन कम व अधिक कर दी गई है। कई किसानों की भूमि को सिवाय चक घोषित कर दिया है, खेतों में जाने के लिये जो रास्ते बने हुए थे, कई जगह उनको बन्द कर दिया गया है। स्थानीय अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाने के पश्चात् भी अधिकारियों द्वारा समाधान पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गोदारा ने बताया है कि इस सेटलमेंट पेमाईश को दुरस्त कर नये सिरे से सही पेमाईश करवाई जाये। सेटलमेंट कर्मचारियों की हठधर्मिता के कारण आम किसान परेशान है, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। अत: दुबारा सही पेमाईश की जाकर जनहितों को सुनिश्चित किया जावे। अनेक खेतों में जाने के लिये मार्ग के रूप में केवल पगडंडियां ही हैं, जिनको पेमाईश करने वाली कंपनी के लोगो ने टारगेट करके खत्म करने का काम किया है, जिसके कारण किसान काफी परेशान है। अत: पेमाईश में वापस पगडंडियों का उल्लेख करने की व्यवस्था की जावे।

# जीर्णोद्धार के बाद हुई शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कनोरिया कॉलेज के पास स्थित शिवालय में मंदिर जीर्णोद्धार के बाद शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पंडित मनोज सुरोलिया के आचार्यत्व में पंडित मुकेश सुरोलिया, रामू बियाला ने मंत्रोच्चारण के साथ शिवलिंग एवं नन्दी की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापना की गई। संगीतमय सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया। आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भीम स्वामी, सुशील शर्मा, चौथ मल कुमावत, गिरीश कुमावत, चेतन शर्मा, दिनेश घोड़ेला, मुकेश सैनी, सुनील वर्मा, राजपाल दूलड़, जयप्रकाश कुमावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद रहे।

# द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के संबंध में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपखंड अधिकारी मिथलेश कुमार तथा तहसीलदार हरदीप सिंह उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व मामलों का प्रभावी, त्वरित और सौहार्दपूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करना था। अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि ऐसे सभी मामलेए जो आपसी सहमति से हल किए जा सकते हैं, उन्हें प्राथमिकता से लोक अदालत में प्रस्तुत किया जाए।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

## यह जीत पार्टी की मेहनत और जनता के समर्थन का परिणाम है : खीचड़

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी सहित अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर सोमवार को रीको स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस अवसर पर पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे देश के विकास और जनता का भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास की जीत है। पश्चिम बंगाल की जनता लंबे समय से त्रस्त थी जिसका परिणाम भाजपा की बड़ी जीत के रूप में सामने आया है। यह जीत पार्टी की मेहनत और जनता के समर्थन का परिणाम है। जिला महामंत्री वीरपाल सिंह शेखावत, दिलीप सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा और युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जयसिंह माँठ ने कहा कि ये प्रधानमंत्री के नेतृत्व और दूरदर्शिता की जीत है। शहर मण्डल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा ने कहा कि भाजपा की विजय से पश्चिम बंगाल की जनता को टीएमसी के भय और आतंक से स्वतंत्रता मिली है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील लांबा, महावीर सिंह ढाका, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, चंद्र प्रकाश शुक्ला, ललित जोशी, संजय मोरवाल, जे पी चौधरी, हरीश तुलस्यान, बहादुरमल स्वामी, विजय कुमार सैनी, पवन मेघवाल, विकास पुरोहित, ताराचंद सैनी, विजेंद्र हटवाल, जगदीश गोस्वामी, रामनिवास सैनी, अनिल स्वामी, संजीव महला, सम्पत सिंह तंवर, लीलाधर जाखड़, रणवीर खीचड़, ख्यालीराम कुमावत, एडवोकेट हनुमान सिंह महला, महेंद्र सोनी, विनोद नायक, लोकेश अग्रवाल, हनुमान सिंह, राजू मराठा, रविंद्र तोलियासर, राजेन्द्र चौधरी, दिनेश जांगिड़, प्रदीप चाहर, अनिल नैन, राजकुमार, राहुल कुमास, विश्वंभर ख्यालिया, सुरेश सिहाग, बाबूलाल टमकोर, बजरंग पूनिया, सुनील शर्मा अलसीसर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सीवर सफाई कार्मिकों की सुरक्षा को लेकर नगर निगम की विशेष पहल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सफाई कार्मिकों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा सोमवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान, जेएलएन मार्ग में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संवेदकों, सुपरवाइजर एवं श्रमिकों को एक ही मंच पर बुलाकर व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। नगर निगम द्वारा सफाई कार्मिकों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हाईटेक ऑटो सक्शन मशीन का उपयोग किया जा रहा है, जो सीवर सफाई के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रही है। इस अत्याधुनिक मशीन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह सीवर लाइनों में जमा गंदगी, कचरे एवं अवरोधों को स्वचालित रूप से उच्च क्षमता वाले सक्शन के माध्यम से बाहर खींच लेती है।



यह मशीन न केवल सफाई कार्य को तीव्र गति से सम्पन्न करती है बल्कि मानवीय जोखिम को लगभग शून्य के स्तर पर ले आती है जो मुख्यमंत्री की उस सोच का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिसमें तकनीक को मानव श्रम का विकल्प बनाकर सफाई कार्मिकों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां प्रदान करने का लक्ष्य है। कार्यशाला के दौरान इस हाईटेक ऑटो सक्शन मशीन का लाइव प्रदर्शन कर संवेदकों एवं सुपरवाइजरों को आधुनिक तकनीक के समुचित उपयोग के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यशाला में सीवर लाइनों के संधारण एवं सफाई कार्यों के दौरान निर्धारित सुरक्षा प्रावधानों की पालना, नमस्ते पोर्टल पर पंजीकरण एवं कार्यों की ऑनलाइन रिकॉर्डिंग तथा सीवर चैम्बर में उतरने से पूर्व अनिवार्य सुरक्षा उपकरण पहनने की सम्पूर्ण प्रक्रिया का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच को मूर्त रूप देते हुए नगर निगम की अत्याधुनिक जेटिंग मशीनों, सकर मशीनों एवं आधुनिक उपकरणों का लाइव डेमो भी आयोजित किया गया। विशेषज्ञ सत्र को संबोधित करते हुए नगर निगम आयुक्त ने सफाई कार्मिकों के प्रति संवेदनशीलता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक सफाई कार्मिक का जीवन अमूल्य है और नगर निगम की यह प्रतिबद्धता है कि तकनीक एवं उचित प्रशिक्षण के माध्यम से उनके कार्य को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं मानवीय गरिमा के अनुरूप बनाया जाए। नगर निगम की यह सराहनीय पहल सफाई कार्मिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करती है कि जयपुर में मानवीय गरिमा के साथ सफाई कार्य सम्पन्न हो और यह कदम अन्य नगर निकायों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण बने।

# सुजानगढ़ के प्रतिभागियों ने जीते 19 मेडल



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** चूरू जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 प्रतियोगिता में सुजानगढ़ से 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 7 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक, 3 कांस्य पदक मिलाकर कुल 19 पदक सुजानगढ़ टीम ने अपने नाम किए। योग ट्रेनर सुमित्रा जोगी ने बताया कि सीनियर ए वर्ग में चंद्रकांता ने 2 स्वर्ण पदक, सीनियर वर्ग में अंजली पारीक ने 1 स्वर्ण पदक, 1 कांस्य पदक, प्रतिभा दर्जी ने 1 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक, जूनियर वर्ग में मोहित प्रजापत ने 3 रजत पदक, सब जूनियर वर्ग में हर्षिता भाटी ने 2 स्वर्ण, 1 रजत, खुशी छरंग 1 रजत, दीपाली गेना 1 रजत, आरती इनानिया ने 2 रजत पदक, श्रद्धा सैन ने 1 स्वर्ण पदक और 2 कांस्य पदक अपने नाम करके पूरे सुजानगढ़ शहर का नाम रोशन किया। सुजानगढ़ टीम से ऋचा पारीक, सुमित्रा जोगी, उमा सैन, लतिका सांखला ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। टीम के सुजानगढ़ पहुंचने पर सुजानगढ़ योगासन ग्रुप द्वारा सभी विजेताओं का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर कुलदीप सैन, जयदीप सिंह राठौड़, कौशल भोजक, चित्रा बागड़ा, डिम्पल अग्रवाल, अनुष्का शर्मा, रेखा राठौड़, भगवती जांगिड़ आदि ने स्वागत किया। जिले भर में सुजानगढ़ ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# करियर बनाम रिश्ते : इश्क एक अधूरी कहानी ने युवाओं को दिया नजरिया



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शिक्षा विभाग में कार्यरत लेखिका प्रतिमा उपाध्याय द्वारा लिखी गई पुस्तक इश्क़ एक अधूरी कहानीइन दिनों विद्यार्थियों और युवा वर्ग के बीच खासा चर्चा का विषय बनी हुई है। फुल एसडीएम हाफ वाइफ टैलाइन के साथ प्रस्तुत यह पुस्तक केवल एक साधारण प्रेम कहानी नहीं बल्कि जीवन के कठिन निर्णयों, संघर्ष और त्याग की गहराई को दर्शाने वाली एक संवेदनशील कृति है। किताब में आधुनिक युवा जीवन की उस सच्चाई को उकेरा गया है, जहाँ व्यक्ति अपने करियर और रिश्तों के बीच संतुलन बनाने की जद्दोजहद में कई बार अधूरा रह जाता है। कहानी यह दर्शाती है कि कैसे बड़े सपनों को हासिल करने की राह में इंसान को अपने निजी संबंधों में समझौते करने पड़ते हैं, जिससे भावनात्मक संघर्ष उत्पन्न होता है। इस पुस्तक की सबसे खास बात यह है कि इसमें लेखिका के स्वयं के अनुभवों की झलक भी देखने को मिलती है। शिक्षा विभाग में कार्यरत रहते हुए उन्होंने जिस तरह संघर्ष कर अपने लक्ष्य को हासिल किया, वही वास्तविकता कहानी को और भी प्रभावशाली बनाती है। विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह पुस्तक एक प्रेरणा स्रोत के रूप में उभर रही है। यह न केवल उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश देती है बल्कि यह भी सिखाती है कि सफलता की कीमत कभी-कभी व्यक्तिगत रिश्तों में दूरी के रूप में चुकानी पड़ती है। यही कारण है कि इश्क़ एक अधूरी कहानी आज के युवा वर्ग के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है और उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण फैसलों पर गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित कर रही है।

# बंगाल में पहली बार व आसाम में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर मनाया जश्न




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा की प. बंगाल में पहली बार और आसाम में लगातार तीसरी बार सरकार बनने की खुशी में कई जगहों पर जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में जाट बाजार में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रंगीन आतिशबाजी की और मिठाई खिलाई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बंगाल में पहली बार सरकार बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन, प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल सहित समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन के सशक्त संगठनात्मक नेतृत्व व वहां की जनता का भाजपा पर विश्वास का ही परिणाम है कि नागरिकों ने भाजपा सरकार बनाई है। कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने लगातार बंगाल पर नजर रखी और बूथ के कार्यकर्ताओं तक पहुंचे। वहां के नागरिकों ने भाजपा के सुशासन का चुना और टीएमसी के कुशासन से मुक्ति पाने में विश्वास रखा। कहा कि समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और जनता के अपार स्नेह से यह जनादेश संभव हुआ है। वहीं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ललित झाझूका के नेतृत्व में सुभाष चौक में जमकर आतिशबाजी की गई।

पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती की मौजूदगी में व्यापारी वर्ग ने भाजपा की बंगाल में सरकार बनने पर आतिशबाजी की और मिठाई खिलाई। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि बंगाल में पहली बार व आसाम में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर नागरिकों ने भाजपा पर विश्वास जताया है। कहा कि इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं ने मेहनत की। कहा कि बंगाल में हिंदूओं पर हुए अन्याय का प्रतिकार था जिसका बदला लिया गया है। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, रमेश जलधारी, राजेश रोलन, नेमीचंद कुमावत, तेजप्रकाश सैनी, गिरीश प्रधान, मनोज बजाज, रामप्रसाद मिश्रा, बलदेव सिंह खंडेला, जयसिंह त्रिलोकपुरा, महेन्द्र तोदी, वरूण कुशलेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह दीपपुरा, जितेश शर्मा, प्रकाश सर्राफ आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेताओं ने नगरपरिषद पर शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ नगरपरिषद कार्यालय पर कांग्रेस नेताओं ने अजय ढेनवाल के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। नेहरू पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर, महाकवि पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी और कवि पं. गिरीशचंद्र मिश्र की मूर्तियां लगाने, सफाई व्यवस्था में ट्रैक्टर्स के टेंडर समय पर कर जनता को राहत पहुंचाने की मांग को लेकर धरना शुरू किया गया है। धरनार्थियों की




ओर से प्रशासन को भेजे गए ज्ञापन में बताया गया है कि ट्रेक्टर ट्रोली मय ड्राईवर डीजल श्रमिक औजार सहित निविदा लगाये जाने के बाद भी 30 मार्च तक टेंडर नहीं खोला गया। इसके बाद भी इस टेंडर को नहीं खोला जा रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक, सहायक अभियन्ता चारवी, कार्यवाहक सफाई निरीक्षक मुन्नालाल मीणा ने पुराने ठेकेदार से साठ-गांठ करके पुराने टेंडर की समय अवधि बढ़ाकर निविदा को कैंसिल करने का कुप्रयास भी किया। इसी प्रकार गांधी चैक स्थित नेहरू पार्क को भी जनता के लिए खोलकर यहां पर बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर, महाकवि पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी और कवि पं गिरीशचंद्र मिश्र की मूर्तियां लगाने की आवश्यकता है क्योंकि आमजन की सुविधार्थ बने इस पार्क पर वर्षो से ताला लगा है, जिसके कारण जनता को परेशानी होती है। धरनार्थियों ने बताया कि जब तक मांगे नहीं मानी जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने पर पहले दिन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप तोदी, कांग्रेस नेता सिराज खान कायमखानी, इकबाल खान, अजय ढेनवाल, इस्माईल खान, मधु बागरेचा, राजेश, सुनीता रावतानी, विक्रम, चांदाराम, हंसराज सियोता, मुकेश गोयल, शशिकांत तेजस्वी, पवन ढेनवाल, बिलाल, पवन आदि ने शिरकत की।

# ओलों के साथ हुई मूसलाधार बारिश

निसं



**मंडावा ( नवयत्न )।** सोमवार शाम को कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई इस दौरान बारिश के साथ ही बार-बार में रुक-रुक कर चने के आकार से लेकर नींबू के आकार तक के ओले गिरे। सोमवार को सुबह से ही बादलों की आवाजाही लगी हुई थी। दिन में धूप निकली और ह्यूमस भी हुई लेकिन शाम होते होते फिर से बादल छाने लगे और हवा का रुख बदला जिसके साथ ही हल्की आंधी के बाद मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ ही ओले भी गिरे। यह तस्वीर तेतरा में पुजारी हवेली में लगी घास पर गिरे ओलों की है। ओले गिरते ही हरी घास भी सफेद हो गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190